# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

रांची, मंगलवार,19 अगस्त 2025

संवत 2082, भाद्रपद कृष्ण पक्ष 10 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 346 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसे की बड़ी छलांग

तेहरान में नया है मधुरिमा तुली का किरदार ◂◂ 6


# साहिबगंज में ईडी की छापेमारी बबलू कबाड़ी के ठिकाने पर दबिश

संवाददाता



साहिबगंजः प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने मंगलवार को साहिबगंज में दबिश दी है। साहिबगंज के बंगाली टोला में जीएसटी से जुड़े मामले को लेकर गोवा ब्रांच के ईडी की टीम ने बबलू कबाड़ी के घर पर छापेमारी की है। ईडी की टीम बबलू कबाड़ी के घर पर छापेमारी कर वहां मौजूद दस्तावेजों को खंगाल रही है। आपको बता दें कि इससे पहले ईडी की टीम ने 7 अगस्त 2024 को 750 करोड़ रुपए के जीएसटी चालान बनाने के मामले में झारखंड, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र में छापेमारी की थी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत तीन राज्यों में 12 परिसरों पर छापेमारी की गयी थी।

## विनय चौबे को शराब घोटाला मामले में अदालत से मिली जमानत



रांचीः झारखंड शराब घोटाला मामले में 92 दिनों से जेल में बंद वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे को बड़ी राहत मिली है। 25-25 हजार रुपये के दो निजी मुचलके जमा करने के साथ एसीबी कोर्ट ने उन्हें बीएनएसएस की धारा 187(2) के तहत जमानत दे दी। समय पर चार्जशीट फाइल नहीं होने का मिला लाभ : इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया कि चौबे राज्य से बाहर जाने से पहले अदालत को सूचित करेंगे और ट्रायल के दौरान अपना मोबाइल नंबर नहीं बदलेंगे। गौरतलब है कि चौबे की गिरफ्तारी को 92 दिन हो चुके हैं, लेकिन अब तक एसीबी ने आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल नहीं की, जिसके कारण उन्हें जमानत का लाभ मिला। अदालत में चौबे की ओर से अधिवक्ता देवेश आजमानी ने पैरवी की। चौबे झारखंड सरकार में वरीय पद पर कार्यरत थे और उन पर शराब घोटाले में संलिप्त होने का आरोप है।

# एनडीए संसदीय दल की बैठक में राधाकृष्णन का स्वागत, पीएम ने विपक्ष से की समर्थन की अपील

एजेंसी



**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का मंगलवार को सत्तारूढ़ दल के सांसदों की एक बैठक में अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के कई सहयोगियों सहित उनके शीर्ष नेताओं ने राधाकृष्णन का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नेताओं खासकर विपक्ष से राजग उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगा। राधाकृष्णन बुधवार को अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं।

लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों वाले निर्वाचक मंडल में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के पास पर्याप्त बहुमत होने की वजह से विपक्षी गठबंधन इंडिया की ओर से अपना उम्मीदवार उतारने और चुनाव लड़ने के संकेत मिलने के बावजूद राधाकृष्णन की जीत तय मानी जा रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता राधाकृष्णन (67) वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे मूलतः तमिलनाडु से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कराया परिचयः एनडीए संसदीय दल की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का बैठक में परिचय कराया गया। एनडीए के फ्लोर लीडर्स, सांसदों ने सीपी राधाकृष्णन जी का गर्मजोशी से स्वागत किया, उन्हें बधाई दी और प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। एनडीए संसदीय दल की बैठक में उनका परिचय प्रधानमंत्री मोदी ने कराया।' सर्वसम्मति से समर्थन करने की अपीलः उन्होंने बताया, 'परिचय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपील की है कि पूरी पार्टी और सभी दलों के सांसद एकजुट होकर उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए एनडीए की ओर से तय किए गए उम्मीदवार का सर्वसम्मति से समर्थन करें। सीपी राधाकृष्णन उपराष्ट्रपति पद के लिए एक बहुत अच्छा नाम हैं। सभी ने इसे स्वीकार किया है। उनके जीवन में कोई विवाद नहीं, कोई भ्रष्टाचार नहीं, कोई दाग नहीं, उन्होंने बहुत ही सादा जीवन जिया है और केवल समाज और देश के लिए काम किया है। अगर ऐसा व्यक्ति देश का उपराष्ट्रपति बनता है, तो यह देश के लिए बहुत खुशी की बात होगी।' सभी से बात कर रहे राजनाथ सिंहः रिजिजू ने कहा कि राजनाथ सिंह भी सभी से बात कर रहे हैं और हम चाहते हैं कि हम सब मिलकर उपराष्ट्रपति के चुनाव में राधाकृष्णन का सर्वसम्मति से समर्थन करें और यह हमारे लिए बहुत उपयोगी होगा। लोकतंत्र के लिए, हमारे देश के लिए और राज्यसभा को चलाने में भी...।

## कुलदीप द्विवेदी बनाए गए सीबीआई के ज्वाइंट डायरेक्टर

मेट्रो रेज



**रांचीः** झारखंड कैडर के आईपीएस अधिकारी कुलदीप द्विवेदी को सीबीआई में संयुक्त निदेशक (ज्वाइंट डायरेक्टर) के पद पर नियुक्त किया गया है। उनके साथ-साथ असम-मेघालय कैडर के सी। वेंकट सुब्बा रेड्डी की भी इसी पद पर नियुक्ति हुई है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति की गई है। इस आदेश को कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने भी मंजूरी दी है। कुलदीप द्विवेदी झारखंड कैडर के 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे सीबीआई में डीआईजी के पद पर कार्यरत थे। ज्वाइंट डायरेक्टर के रूप में उनकी नियुक्ति पांच साल यानी 17 जनवरी 2029 तक की अवधि के लिए की गई है।

## जालंधर में बीकेआई मॉड्यूल से हैंड ग्रेनेड बरामद

**कनाडा से मिल रहे थे आदेश, बड़ी साजिश की फिराक में थे आतंकी**

एजेंसी



**जालंधरः** पंजाब पुलिस की जालंधर काउंटर इंटेलिजेंस की टीम ने बीकेआई (बब्बर खालसा इंटरनेशनल) मॉड्यूल गिरफ्तार किए गए गुर्गों से पूछताछ के बाद बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया है। बता दें कि काउंटर इंटेलिजेंस जालंधर ने कुछ दिन पहले बीकेआई से जुड़े राजस्थान के रहने वाले आतंकी रितिक नरोलिया और एक किशोर की गिरफ्तार किया था। दोनों की पूछताछ के बाद अन्य पहलुओं की जांच की गई। जिसके बाद पुलिस ने आतंकी वारदात में इस्तेमाल किया जाने वाला एक 86पी हैंड ग्रेनेड बरामद किया है।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने कहा- राजस्थान से रितिक नारोलिया और एक नाबालिग की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में मिली जानकारी पर उनके सहयोगियों को भी पकड़ा गया। इनमें विश्वजीत को कोलकाता से उस समय गिरफ्तार किया गया, जब वह मलेशिया भागने की कोशिश कर रहा था,

**एस जयशंकर से मिले चीन के विदेश मंत्री वांग यी**

# भारत को फर्टिलाइजर, मिनरल्स व मशीनों की करेगा आपूर्ति

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने भारतीय समकक्ष एस. जयशंकर के साथ मुलाकात में भारत की तीन प्रमुख चिंताओं को दूर करने का वादा किया है। सूत्रों के अनुसार, वांग यी ने आश्वासन दिया है कि चीन भारत को उर्वरक (फर्टिलाइजर), दुर्लभ मृदा खनिजों (रेयर अर्थ मिनरल्स) और सुरंग खोदने वाली मशीनों की आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। चीन की ओर से यह महत्वपूर्ण आश्वासन एक ऐसे समय में आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर भारी टैरिफ लगाए हैं। भारत लंबे समय से चीन के साथ रेयर अर्थ मिनरल्स की निर्बाध आपूर्ति को लेकर बातचीत कर रहा है। ये खनिज इलेक्ट्रिक वाहनों, पवन टर्बाइनों और रक्षा विनिर्माण जैसे कई महत्वपूर्ण उद्योगों के लिए बेहद आवश्यक हैं। इससे पहले, सोमवार को विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष से कहा कि दोनों देशों को आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और साझा हितों के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। वांग के साथ अपनी बैठक की शुरूआती टिप्पणी में, जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव कम करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया, जहां दोनों देशों की सेनाओं के बीच चार साल से अधिक समय से गतिरोध बना हुआ है। यह व्यापक वार्ता चीनी विदेश मंत्री के दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद हुई। वांग की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रस्तावित चीन यात्रा से कुछ ही दिन पहले हो रही है। साल 2020 में गलवान घाटी में हुए घातक संघर्ष के बाद भारत और चीन के संबंधों में आई गंभीर खटास के बीच, इस यात्रा को दोनों पड़ोसी देशों द्वारा रिश्तों को सामान्य बनाने के एक प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। अपनी टिप्पणी में जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को एक और प्रमुख प्राथमिकता बताया। उन्होंने कहा, हमारे संबंधों में एक कठिन दौर के बाद, अब दोनों देश आगे बढ़ना चाहते हैं। इसके लिए दोनों पक्षों की ओर से एक स्पष्ट और रचनात्मक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा, इस प्रयास में हमें तीन सिद्धांतों आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित झ्र से निर्देशित होना होगा। मतभेद विवाद का कारण नहीं बनने चाहिए और प्रतिस्पर्धा को टकराव में नहीं बदलना चाहिए।

चीनी विदेश मंत्री वांग यी अपनी दो दिवसीय यात्रा के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ भी सीमा मुद्दे पर वार्ता करेंगे। दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच यह वार्ता मंगलवार को निर्धारित है।

# लोकसभा और राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा दोनों सदनों की कार्यवाही करनी पड़ी स्थगित

एजेंसी



**नई दिल्ली :** राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार को भी सुचारू रूप से नहीं चल सकी। राज्यसभा में विपक्ष की मांग थी कि सदन की अन्य कार्यवाही स्थगित कर मतदाता सूची संबंधी मामलों पर चर्चा कराई जाए। इसके लिए कई विपक्षी सांसदों ने नियम 267 के तहत नोटिस भी दिए थे। हालांकि नियमों का हवाला देते हुए उप सभापति ने ये सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए। इसके बाद राज्यसभा में विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए अपनी सीटों से उठकर आगे आ गए। राज्यसभा में हंगामा बढ़ता देख उप सभापति ने सदन की कार्यवाही को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। वहीं लोकसभा में भी हंगामे व नारेबाजी के कारण सदन की कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा की कार्यवाही पहले 12 बजे तक स्थगित की गई। 12 बजे कार्यवाही प्रारंभ होने के पर भी हंगामा जारी रहा और ऐसे में सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल मंगलवार को और राज्यसभा की कार्यवाही प्रारंभ होने के कुछ देर बाद उपसभापति हरिवंश नारायण ने सदन को बताया कि उन्हें विपक्षी सांसदों की ओर से चर्चा के लिए 20 नोटिस मिले। ये 20 नोटिस 4 अलग-अलग विषयों पर चर्चा के लिए भेजे गए थे। चर्चा के लिए ये सभी नोटिस नियम 267 के तहत उपसभापति को दिए गए थे। उप सभापति ने इस विषय में सदन को जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें प्राप्त हुए सभी 20 नोटिसों में से कोई भी नोटिस नियमानुसार नहीं भेजा गया है। इसलिए सभी नोटिस अस्वीकार कर दिए गए। इसके बाद विपक्ष द्वारा सदन में जमकर नारेबाजी की गई अधिकांश विपक्षी सांसद अपनी सीटों से उठ कर आगे आ गए और राज्यसभा में खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। उप सभापति ने राज्यसभा में शून्यकाल और प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया। लेकिन विपक्षी सांसद इसके लिए राजी नहीं हुए, वे दिए गए नोटिस के आधार पर चर्चा की मांग करते रहे। सदन में हंगामा बढ़ता देख उप सभापति ने राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। उधर लोकसभा में प्रश्नकाल तो शुरू किया गया लेकिन प्रश्नकाल की कार्यवाही ज्यादा देर नहीं चल सकी। विपक्ष लगातार नारेबाजी करता रहा। सदन में हुए हंगामे और नारेबाजी के कारण प्रश्नकाल के बीच में ही लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दोपहर 12 बजे कार्यवाही दोबारा प्रारंभ होने पर भी सदन में यही स्थिति बनी रही। लोकसभा में पीठासीन कृष्णा प्रसाद तन्नेटी ने बताया कि कुछ सांसदों ने स्थगन प्रस्ताव दिया है।

# मुंबई में आफत की बारिश : सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित, स्कूल-कॉलेज समेत सरकारी कार्यालय बंद

**कार्यालयों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह, अलर्ट पर प्रशासन**

एजेंसी





**मुंबईः** मुंबई में भारी बारिश के मद्देनजर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) ने घोषणा की है कि मुंबई शहर और उपनगरों में स्थित सभी सरकारी और अर्ध-सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। भारी बारिश के कारण बीएमसी ने कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है।

भारतीय मौसम विभाग ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र (मुंबई शहर और उपनगर) के लिए भारी वर्षा को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। एक बयान में कहा गया, वर्तमान में मुंबई में लगातार मूसलाधार बारिश हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के रूप में कार्य करते हुए बीएमसी ने आवश्यक सेवाओं को छोड़कर क्षेत्र के सभी सरकारी, अर्ध-सरकारी और बीएमसी कार्यालयों में मंगलवार को अवकाश घोषित किया है। बीएमसी ने मुंबई महानगरीय क्षेत्र के सभी निजी कार्यालयों और प्रतिष्ठानों से अपील की है कि वे अपने कर्मचारियों को तत्काल वर्क-फ्रॉम-होम की सुविधा दें और कार्य की प्रकृति के अनुसार अनावश्यक यात्रा से बचने के निर्देश जारी करें। इसी तरह, नवी मुंबई पुलिस कमिश्नर ने लोगों से भारी बारिश की संभावना के चलते सुरक्षा दिशा-निदेर्शों का पालन करने और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकलने की अपील की है। पुलिस कमिश्नर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्स पर लिखा, सुप्रभात मुंबई! चूंकि मंगलवार को भारी बारिश की चेतावनी है, मुझे उम्मीद है कि आप सभी सुरक्षा नियमों का पालन कर रहे होंगे। सिर्फ जरूरी होने पर ही बाहर जाएं, उच्च ज्वार के दौरान समुद्र तट पर जाने से बचें और याद रखें कि हम किसी भी आपात स्थिति में आपकी मदद के लिए मौजूद हैं। निजी कंपनियों से अनुरोध है कि वे ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम करने की सुविधा दें। अपना ध्यान रखें, सुरक्षित रहें। महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण अब तक कम से कम 8 लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार और सोमवार को राज्य के सभी हिस्सों में बारिश हुई और अगले दो दिनों तक मुंबई में भी इसी तीव्रता से बारिश जारी रहेगी। मौसम विभाग ने 21 अगस्त तक भारी बारिश की भविष्यवाणी की है। मौसम विभाग ने मंगलवार को मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी जारी की है और लोगों से अपील की है कि वे जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकलें।

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बादल फटने से मची तबाही, कई दुकानें और पुल क्षतिग्रस्त

कुल्लूः हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बादल फटा है। इस घटना में आसपास के क्षेत्र में नुकसान हुआ है। तीन दुकानें और एक बाइक मलबे की चपेट में आई है। सरवरी में एक पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही है कि इस प्राकृतिक आपदा में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार, मंगलवार तड़के करीब 3 बजे कुल्लू के लगघाटी इलाके में बादल फटने की घटना हुई। इससे नाले में अचानक आए उफान के चलते कणौण गांव में तीन दुकानों और एक बाइक को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा, बादल फटने से कुल्लू शहर के पास बहने वाली सरवरी खड्ड में जलस्तर काफी बढ़ गया, जिससे सरवरी में एक पैदल पुल क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, फोरलेन से कुल्लू बस स्टैंड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क का बड़ा हिस्सा भी तेज बहाव में बह गया। हालांकि, पुलिस ने सड़क के क्षतिग्रस्त हिस्से की बैरिकेडिंग कर दी गई है और लोगों को आगे जाने से रोका जा रहा है। कुछ लोग खतरा मोल लेकर अपनी गाड़ियां इन सड़कों पर चला रहे हैं, जिससे प्रशासन की चिंता और बढ़ी है। बादल फटने की तेज आवाज सुनकर ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकल आए थे। स्थिति बिगड़ने के बाद ये लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए। एक स्थानीय महिला ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, यह डर का माहौल काफी दिनों से बना हुआ है। लगातार बारिश होने से पूरे प्रदेश में नुकसान हो रहा है। इसी तरह रात में कुल्लू में बादल फटा, जिससे लोग घबरा गए थे। बादल फटने से काफी नुकसान हुआ है। फिलहाल, स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन ने मंगलवार को जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। साथ ही, प्रशासन ने सरवरी क्षेत्र में नदी-नालों के किनारे झुग्गियों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। नदी-नालों का जलस्तर ऊंचा बना हुआ है और लोगों में डर का माहौल है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सतर्क रहें, अफवाहों से बचें और सुरक्षित स्थानों पर रहें।

## न्यूज IN ब्रीफ

### प्रधानमंत्री के गयाजी आगमन को लेकर आरपीएफ अलर्ट




**कोडरमा:** गयाजी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी कार्यक्रम के मद्देनजर कोडरमा पोस्ट क्षेत्राधिकार में घाट सेक्शन में सुरक्षा व्यवस्था के तहत दिन मंगलवार 18 अगस्त को निरीक्षक प्रभारी कोडरमा दीपक कुमार के निर्देशन में उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार साथ अधिकारी व स्टाफ, गुरपा ओपी द्वारा बास्कटवा नाथगंज सेक्शन में पैदल मार्च करते हुए सुरक्षात्मक उपायों के आकलन के साथ साथ बैनर के साथ विगत दिनों में हुई एसीपी की घटना के बाबत रोकथाम हेतु गुरपा गझंडी घाटी क्षेत्र में अवस्थित बसकटवा- नाथगंज, टनल के पास आस पास के ग्रामीणों, जंगल में लकड़ी बिनने वाले लकड़हारे, के बीच जागरूकता अभियान के तहत एसीपी, ट्रेन से लकड़ी ले जाने, वंदे भारत एक्सप्रेस में स्टोन प्लेटिंग, रेलवे ट्रैक स्टेशन पर सेल्फी, वीडियो, टीओपीबी, जहरखुरानी, रन ओवर, सीआरओ अवैध ट्रेस पास, मालगाड़ी में एसीओ, ट्रैन के पायदान पर यात्रा, रेल संपत्ति की चोरी, मालगाड़ी से कोयला की चोरी, सिंगनल उपकरणों से छेड़छाड़ नहीं करने इत्यादि के बाबत जागरूक किया गया एवम हिदायत देते हुए उन्हें कानूनी प्रावधानों के साथ रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 के बारे में जागरूक किया गया।

### ग्रामीणों ने किया कम मजदूरी देने का विरोध



**सिल्ली :** पतराहातु के ग्रामीणों ने स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के विभिन्न भावनाओं के सुदृढ़ीकरण की योजना अंतर्गत एपीएचसी पतराहातु रांची के परिसर में डॉक्टर्स क्वार्टर निर्माण कार्य में मजदूरों को सरकार द्वारा निर्धारित मजदूरी भुगतान नही किये जाने का विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि डॉक्टर्स क्वार्टर का निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार मजदूरों को 270 रूपए, जबकि इसी एपीएचसी परिसर का चाहरदीवारी निर्माण कार्य करा रहे दूसरे ठेकेदार मजदूरों को 400 रूपए दे रहा है। ग्रामीणों ने बताया डॉक्टर्स क्वार्टर निर्माण कार्य का शिलान्यास के दिन विधायक अमित महतो ने ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण काम करने तथा मजदूरों को सही मजदूरी देने को कहा था। इसके बाबजूद ठेकेदार मनमानी कर रहा है। इधर ठेकेदार से इस संबंध में पूछे जाने पर कहा काम के हिसाब से 270 रूपए सही वेतन दे रहे है इसके बाबजूद लोग परेशान करेंगे तो काम नही होगा।

### अफीम व ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, भेजे गए जेल



**चतरा :** चतरा पुलिस ने अफीम व ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी सत्येंद्र दांगी का पुत्र दिवाकर उर्फ अविनाश कुमार तथा इसी थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव निवासी अरुण कुमार दांगी का पुत्र ओंमकार दांगी का नाम शामिल है। यह जानकारी एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के लेंबोइया मंदिर के पीछे स्थित मैदान के पास कुछ अफीम तस्कर अफीम और ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री कर रहे हैं। उक्त सूचना पर सिमरिया एसडीपीओ शुभम कुमार खंडेलवाल के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम में पत्थलगड़ा थाना प्रभारी राकेश कुमार, सहायक अवर निरीक्षक घनश्याम प्रसाद सिंह व पत्थलगड़ा थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। टीम ने लेंबोइया मंदिर के पीछे मैदान में छापेमारी अभियान चला कर उपरोक्त दोनों अफीम तस्करों को 20.4 ग्राम ब्राउन शुगर तथा 1.55 किलोग्राम अफीम तथा तीन मोबाइल के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद अफीम व ब्राउन शुगर का अनुमानित मूल्य लगभग छह लाख रुपए है।एसपी ने बताया कि पूछताछ में गिरफ्तार तस्करों ने बताया है कि गिद्धौर के रहने वाले एक अफीम तस्कर से दोनों ने अफीम और ब्राउन की खरीददारी की थी। उस तस्कर की भी पहचान कर ली गई है। उसे भी अविलंब गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्कर ओंमकार दागी अफीम तस्करी के मामले में पहले भी जेल जा चुका है। इसके विरुद्ध पहले भी पत्थलगड़ा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने अफीम और ब्राउन शुगर तस्करों को हिदायत देते हुए कहा कि अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी में जुटे तस्कर अपना कारोबार समेट लें। जिले में किसी भी हाल में अफीम और ब्राउन शुगर की तस्करी नहीं होने दिया जाएगा। पुलिस इसके विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि यदि उनके आसपास कोई भी व्यक्ति अफीम व ब्राउन शुगर के धंधे में संलिप्त दिखाई पड़े तो वह इसकी सूचना उन्हें दें। तस्करों के विरुद्ध कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जेवर दुकान से ढाई लाख के गहने की चोरी मामले में दो गिरफ्तार

**चतरा:** जिला पुलिस ने शहर के पुरैनिया तालाब स्थित नेहा ज्वेलर्स नामक दुकान में चोरी की घटना का 24 घंटे में उद्भेदन कर लिया। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। चोरों ने दुकान से ढाई लाख रुपये के सोने के गहने की चोरी कर फरार हो गये थे। जानकारी के मुताबिक अपराधी ग्राहक बनकर दुकान पहुंचे थे। इसी दौरान गहनों की चोरी कर फरार हो गये।इसकी जानकारी दुकान संचालक अमित सोनी ने सदर पुलिस को दी थी।

# पीएलएफआई के चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद



**संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें माओवादी ओझा पाहन भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि इनका सरकारी ठेकेदारों से वसूली करने और वाहनों में आग लगाने का प्रयास नाकाम कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, उनके पास से हथियार और माओवादी साहित्य बरामद किया गया है।

खूंटी एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि रविवार देर रात तोरपा के एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रानीया थाना क्षेत्र के जिबिलोंग तांगरी इलाके में छापेमारी कर ओझा पाहन और तीन अन्य को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार माओवादी ओझा पाहन पहले भी वाहनों में आग लगाने के मामले में जेल जा चुका है और उस पर खूंटी, रांची और गुमला के कई थानों में करीब 10 मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अन्य तीन पीएलएफआई सदस्यों में जेवियर कोंगाड़ी (29), संतोष कोंगाड़ी (27) और जिबुनुस ऐंद (31) शामिल हैं। इनमें से ओझा पाहन गुमला जिले का रहने वाला है जबकि बाकी तीनों खूंटी जिले के निवासी हैं।

पुलिस ने उनके पास से दो हथियार, कारतूस,पीएलएफआई समर्थित साहित्य और एक मोबाइल फोन जब्त किया, जिसका उपयोग ठेकेदारों और कारोबारियों को धमकाने के लिए किया जाता था। इसके अलावा एक प्लास्टिक की बोतल भी बरामद की गई जिसमें पेट्रोल था, जिसे निर्माण कार्य में लगे वाहनों को जलाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता था।

## बिरसा कॉलेज में रामदास सोरेन की स्मृति में शोक सभा



**संवाददाता**

**खूंटी :** राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन पर आज बिरसा कॉलेज के सभागार में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. सीके. भगत ने दिवंगत नेता के जीवन और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

डॉ. भगत ने शिक्षा मंत्री के तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद कॉलेज के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस शोक सभा में कॉलेज के विभिन्न शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें मुख रूप से डॉ. पुष्पा सुरीन, राज कुमार गुप्ता, जया भारती कुजूर, पूनम माई टीयू, किरण रूबी, अनंत राम, तारीफ लुगुँन, प्रियंका कुमारी, अस्मृता मेहता, रेशमा मैडम, सुशीला कुजूर, सावित्री कुमारी, सिजीरन सुरीन, काली मुंडू, घनश्याम मिश्रा, विजय प्रधान, प्रकाश प्रामाणिक शामिल थे।

शिक्षा मंत्री के रूप में रामदास सोरेन ने झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को सुधारने और ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निधन से राज्य की शिक्षा व्यवस्था को गहरा आघात लगा है। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की।

## पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुई मां मनसा की पूजा



**संवाददाता**

**मुरहू :** आस्था और परंपरा के रंग में सराबोर मुरहू प्रखंड इस वर्ष भी मनसा मेला का गवाह बना। मेराल स्कूल मैदान में सोमवार को मां मनसा की पूजा पारंपरिक विधि-विधान से संपन्न हुई। भक्तों ने मां की प्रतिमा स्थापित कर विधिवत पूजा-अर्चना की, जबकि विषधर नाग देवताओं के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालुओं ने आस्था का अद्भुत नजारा पेश किया। मेले में श्रृंगार सामग्री, खिलौने और मिठाइयों की दुकानों ने रौनक बढ़ा दी। रात आठ बजे भक्तों ने मां की प्रतिमा को जुलूस के रूप में सोना पोखरा तालाब तक पहुंचाया, जहां प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इस दौरान पकड़े गए नाग देवताओं को जंगल में छोड़ा जाएगा।

नाग देवताओं की पूजा से जुड़ी अनूठी परंपरा स्थानीय मान्यता के अनुसार, मां मनसा के भक्त नाग देवताओं को पकड़कर मां के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष मेराल और माहिल गांवों से सात नाग पकड़े गए, जिन्हें भक्तों ने मां के चरणों में रखकर उनकी सेवा की। मान्यता है कि ऐसा करने से मां प्रसन्न होती हैं और गांव को आशीर्वाद देती हैं। मेला आयोजकों के अनुसार, यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। आषाढ़ संक्रांति से शुरू होकर यह अनुष्ठान 18 अगस्त को घटबारी के विसर्जन के साथ संपन्न होता है। इस दौरान गांव के लोग उपवास रखकर मां की आराधना करते हैं। सोना पोखरा घटबारी में गोधूलि बेला में पूजा संपन्न होती है, जो चार पहर तक चलती है। मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और परंपरा के संरक्षण का भी प्रतीक है।

## कस्तूरबा स्कूल की 40 छात्राएं फूड प्वाइजनिंग का शिकार, विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप

**संवाददाता**

**रांची/पलामू :** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से सोमवार को बड़ा मामला सामने आया। नाश्ते में पूरी-सब्जी खाने के बाद लगभग 40 छात्राओं की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत पर विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में सभी बीमार छात्राओं को तरहसी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इनमें से पांच की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

इलाज जारी, परिजनों में चिंताः स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल में छात्राओं का इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही कई अभिभावक अस्पताल पहुंचे और विद्यालय प्रबंधन पर जमकर भड़के। परिजनों का आरोप है कि उन्हें घटना की सूचना समय पर नहीं दी गई, जिससे उनकी चिंता और बढ़ गई।




विद्यालय की वार्डन ने कहा कि छात्राएं जन्माष्टमी के उपवास के कारण बीमार हुई हैं। हालांकि ग्रामीणों और स्वास्थ्यकर्मियों ने इस दावे को खारिज कर दिया। उनका कहना है कि घटना जन्माष्टमी के दो दिन बाद हुई है, ऐसे में बीमारी का कारण केवल भोजन में गड़बड़ी ही हो सकता है।

लापरवाही और मामले को दबाने का आरोपः ग्रामीणों ने विद्यालय प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कई बीमार छात्राओं को बिना मेडिकल रजिस्टर में दर्ज किए ही घर भेज दिया गया। इससे न केवल वास्तविक आंकड़ा छिपाने की कोशिश हुई, बल्कि बच्चों की जिंदगी भी खतरे में पड़ी।

आक्रोश और कार्रवाई की मांगः घटना से पूरे इलाके में आक्रोश फैल गया है। ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए बनाए गए आवासीय विद्यालयों में बार-बार ऐसी घटनाएं क्यों हो रही हैं। खासकर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में भोजन की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठते रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से विद्यालय प्रबंधन की भूमिका की गहन जांच कराने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उधर, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने भी जांच शुरू कर दी है।

## उप प्रमुख के खिलाफ थाना में दिया गया आवेदन

**चतरा :** जिले के लावालौंग प्रखंड के उप प्रमुख महमूद खान के ऊपर एक प्रेम प्रसंग मामले में एक लाख इक्कीस हजार रुपये की अवैध वसूली का मामला थाना में दर्ज कराया गया है। इस संबंध में हेडुम पंचायत के कोची गांव के एक दलित परिवार के व्यक्ति नें आवेदन देकर कहा है कि विगत 12 अगस्त की शाम जबड़ा गांव निवासी प्रमोद साव का पुत्र रवि कुमार मेरे घर आया था।वह मेरी नाबालिक पुत्री के साथ घर में बात कर रहा था। इसी दौरान गांव वालों ने दरवाजा बंद कर दिया।सुबह जब दोनों से पूछताछ हो रही थी। इसी बीच उप प्रमुख महमूद खान आकर आक्रोशित होकर कहने लगा कि बैठो पहले फैसला होगा।इसके बाद महमूद खान नें रवि के पिता को फोन किया और बोला कि हजार्ने के रूप में एक लाख इक्कीस हजार रुपये लेकर आओ नहीं तो बहुत बुरा होगा।खबर सुनते ही प्रमोद साहू पैसों की व्यवस्था करके आया।इसके बाद उससे पैसे लेकर उप प्रमुख महमूद खान लड़के को जाने दे दिया।आगे आवेदन में लिखा गया है कि मैं काम करने के लिए मध्य प्रदेश में रहता हूं।जब मुझे घटना की बारे में पता चला तो आनन फानन में घर पहुंचा।यहां आकर मुझे जानकारी मिली कि पैसे लेने की बात का विरोध करने पर महमूद खान के सहयोगियों नें मेरी पत्नी,पुत्री और तीन अन्य ग्रामीणों को भी मारपीट किया है।नाबालिक के पिता नें आरोप लगाया है कि मेरी नाबालिक पुत्री के इज्जत आबरू के बदले सौदेबाजी किया गया है।ऐसा करने का अधिकार उप प्रमुख महमूद खान को आखिर किसने दिया।लड़की के पिता नें छानबीन करते हुए महमूद खान एवं उसके सहयोगियों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।इस मामले में उप प्रमुख महमूद खान ने पैसे लेने के मामले में अनभिज्ञता जताई। कहा कि बैठक में मैं उपस्थित था।लेकिन पैसा कौन लिया और किसके पास है इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

## नप ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**संवाददाता**

**चतरा :** नगर परिषद चतरा ने सोमवार को शहर में अतिक्रमण अभियान चलाया। यह अभियान पोस्ट ऑफिस चौक से चतरा चौक होते हुए पुराना पेट्रोल पंप तक चलाया गया।अभियान में नगर प्रबंधक रंजीत सिंह के नेतृत्व में कनीय अभियंता, टैक्स कलेक्टर और थाना से पुलिस बल मौजूद थे। अभियान का उद्देश्य शहर को अतिक्रमण से मुक्त करना और यातायात को सुचारु रूप से चलाना है। नगर परिषद के अधिकारी ने बताया कि अतिक्रमण अभियान आगे भी जारी रहेगा और शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने



लोगों से अपील की है कि वे अतिक्रमण न करें और शहर की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें अभियान के दौरान पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया गया और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रयास किए गए। हालांकि चतरा शहर वासियों का करना हुआ किस शहर में दुकान रहते भर में रोड में सब्जी दुकान लगाया जाता है नगर पालिका पहले सब्जी दुकान पर ध्यान दें और शहर में एक पार्किंग का व्यवस्था करें नगर पालिका इस पर ध्यान देना चाहिए शहर में तभी विकास होगा।

## झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी पहुंचे चतरा

**संवाददाता**

**चतराः** झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने 17 एवं 18 अगस्त को चतरा जिले का दौरा किया। दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने जिले में बाल अधिकारों एवं संरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया तथा संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।दौरे के प्रथम दिन श्री तिवारी ने इटखोरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद नगर भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने हंटरगंज प्रखंड के खनन क्षेत्र का भी निरीक्षण किया, जहाँ बाल श्रम में संलिप्त पाए जाने वाले बच्चों की स्थिति का जायजा लिया। वहीं दूसरे दिन समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, शिक्षा, स्वास्थ्य, खनन, कल्याण, समाज कल्याण, पंचायती राज, नगर परिषद एवं परिवहन विभाग सहित बाल संरक्षण से संबंधित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और बच्चों की सुरक्षा एवं अधिकारों को लेकर ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए श्री तिवारी ने कहा कि जिले में नाबालिग बच्चों (18 वर्ष से कम आयु) द्वारा ट्रक, ट्रैक्टर एवं भारी वाहनों के संचालन पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु प्रमुख स्थानों पर बस पड़ाव का निर्माण किया जाए। सभी निजी विद्यालयों का अनिवार्य पंजीकरण कराया जाए। विद्यालय




छोड़ चुके बच्चों (ड्रॉप-आउट) को चिन्हित कर पुनः शिक्षा से जोड़ा जाए। चतरा को फ्री ब्लड डोनर जोन घोषित करने की दिशा में ठोस पहल की जाए। जिले के सभी थानों को बाल-मैत्रीपूर्ण थाना के रूप में विकसित किया जाए। बाल श्रम उन्मूलन के लिए 15 15 दिनों पर विशेष अभियान चलाया जाए। शिविर आयोजित कर दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें पेंशन योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। दत्तक ग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाया जाए तथा पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में शिकायत पेटी लगाई जाए।श्री तिवारी ने कहा बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि बच्चों की सुरक्षा और उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक से भी अलग-अलग मुलाकात कर बालक-बालिका गृह तथा बाल संरक्षण संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने एवं पुलिस विभाग से अपेक्षित सहयोग सुनिश्चित करने पर चर्चा की।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त एवं विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति एवं बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

# रामदास सोरेन के निधन के बाद मुख्यमंत्री ने थामी शिक्षा मंत्री पद की कमान, आदेश जारी

संवाददाता

**रांची :** राज्य में शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार अब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन संभालेंगे। मंत्रिमंडल एवं निगरानी विभाग ने इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है। हाल ही में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के निधन के बाद यह पद रिक्त हो गया था। ऐसे में नए मंत्री की नियुक्ति होने तक मुख्यमंत्री स्वयं इस विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौरतलब है कि झारखंड की राजनीति में शिक्षा मंत्रालय को लेकर एक अजीब संयोग देखने को मिलता रहा है। मौजूदा सरकार में अब तक जिन नेताओं ने यह जिम्मेदारी संभाली, उन्हें गंभीर बीमारियों का सामना करना पड़ा और उनका निधन हो गया।



जगन्नाथ महतो हेमंत सोरेन सरकार (पार्ट-1) में शिक्षा मंत्री बने। कार्यकाल के दौरान उन्हें फेफड़े का संक्रमण हुआ और इलाज के लिए बेंगलुरु में फेफड़ा प्रत्यारोपण कराया गया लेकिन स्वास्थ्य लाभ न मिलने के कारण उनका निधन हो गया।

दूसरी बार घाटशिला से विधायक रहे रामदास सोरेन हेमंत सोरेन सरकार (पार्ट-2) में शिक्षा मंत्री बनाया गया। कुछ समय बाद वे बाथरूम में गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान हाल ही में उनका निधन हो गया। इन घटनाओं के चलते यह मंत्रालय अक्सर मनहूस विभाग कहकर चर्चा में रहा है। राजनीतिक हलकों में यह तक कहा जाने लगा है कि शिक्षा मंत्री का पद संभालना आसान नहीं है। हालांकि हेमंत सोरेन सरकार (पार्ट-1) के अंतिम वर्ष में लातेहार से विधायक बैद्यनाथ राम ने लगभग चार महीने तक शिक्षा मंत्रालय संभाला लेकिन 2019 विधानसभा चुनाव में वे भाजपा प्रत्याशी से हार गए और मंत्री पद से बाहर हो गए।

बहरहाल रामदास सोरेन के निधन के बाद खाली हुए पद को मुख्यमंत्री ने स्वयं संभालने का निर्णय लिया है। माना जा रहा है कि मंत्रालय का अशुभ संयोग देखते हुए विधायक इसे तत्काल लेने से हिचक रहे थे इसलिए फिलहाल इसे मुख्यमंत्री ने अपने पास रखा है।

राज्य के शिक्षा तंत्र की स्थिति पहले से ही कई सवालों के घेरे में है। स्कूलों की बदहाल स्थिति, शिक्षकों की कमी, कस्तूरबा विद्यालयों में आए दिन भोजन और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, परीक्षाओं की गड़बड़ी इन तमाम चुनौतियों से निपटने के लिए अब मुख्यमंत्री को खुद सीधे दखल देना होगा। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि आने वाले दिनों में सीएम का ध्यान इस मंत्रालय पर कितना केंद्रित हो पाता है, यह देखना दिलचस्प होगा।

# एनडीए की बैठक में शामिल हुए चंद्र प्रकाश चौधरी, किया समर्थन

मेट्रो रेज

**रांची/नई दिल्ली:** आजसू पार्टी सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपराष्ट्रपति के चुनाव को लेकर नई दिल्ली में एनडीए की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय उपभोक्ता मामले खाद्य सार्वजनिक वितरण और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी के आवास पर हुई एनडीए के सांसदों की बैठक में उन्होंने उपराष्ट्रपति के उम्मीदवार महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का समर्थन किया। उन्होंने बैठक में उपस्थित राधाकृष्णन को उम्मीदवार घोषित होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने कहा कि झारखंड सहित कई राज्यों में राज्यपाल की जिम्मेदारी संभाल चुके सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर जीत सुनिश्चित है।



## शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने को लेकर डॉ रंजना झा को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार



**सीतामढ़ी:** बिहार के सीतामढ़ी की रहने वाली डॉ रंजना झा को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर दिल्ली के एनडीएमसी कन्वर्सेशन सेंटर में राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। बता दे की डॉ रंजना झा इस वक्त बेंगलुरु में रहकर बेंगलुरु टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में शिक्षा के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में स्टेट ऑफिसर और एडमिशन ऑफिसर के पद पर रह के अपना शैक्षणिक योगदान दे रही है । यह पुरस्कार पाते हुए रंजना झा ने मीडिया को बताया कि अब वह और भी नई ऊर्जा के साथ शिक्षा के क्षेत्र में अपना योगदान देगी और नित नए अत्यआधुनिक तरीके से शिक्षा के आयाम को तेज करेगी। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार पाकर वह काफी गौरवशाली महसूस कर रही है और अपने तमाम सहयोगी परिवार वालों गुरुओं का शुक्रिया अदा किया।

# राज्य में 24 अगस्त तक भारी बारिश और वज्रपात की संभावना, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

मेट्रो रेज

**रांची :** राज्य में 24 अगस्त तक कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले दो दिनों में तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है। हालांकि, तीन दिनों में मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।



मौसम विभाग के अनुसार, 19 से 22 अगस्त तक राज्य के अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 20 अगस्त को दक्षिण-पूर्वी जिलों में, जबकि 21 और 22 अगस्त को उत्तर-पूर्वी और दक्षिणी जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे में कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हुई है। इस दौरान 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं और वज्रपात की भी आशंका बनी रही। गढ़वा में सबसे अधिक 25 मिमी बारिश हुई और तापमान 35.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि चाईबासा में न्यूनतम तापमान 20.9 डिग्री रहा। बारिश से जहां किसानों को सिंचाई में फायदा होगा, वहीं तेज हवाएं और वज्रपात से नुकसान की आशंका भी है। मौसम विभाग ने लोगों को सावधान रहने और खराब मौसम में खुले स्थानों से दूर रहने की सलाह दी है। इस मानसून में झारखंड में अब तक सामान्य से 28% अधिक बारिश हुई है। 1 जून से 18 अगस्त तक औसतन 883.4 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जबकि सामान्य बारिश 689।8 मिमी होती है। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 1323.5 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 79% अधिक है।खूंटी, गुमला, देवघर, चतरा और रामगढ़ में भी सामान्य से 30-40% अधिक बारिश हुई है। हालांकि पाकुड़, लोहरदगा और गढ़वा में थोड़ी कम बारिश दर्ज की गई है।

# भीम ऐप के साथ केबीसी में जाने का सुनहरा मौका




मेट्रो रेज

**रांची/धनबाद :** भीम पेमेंट्स ऐप और सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन ने मिलकर कौन बनेगा करोड़पति में गोल्डन वीक की घोषणा की है, जिसके तहत केवल भीम ऐप उपयोगकर्ता 1 सितंबर से 10 अक्टूबर 2025 तक पंजीकरण कर अमिताभ बच्चन के साथ हॉट सीट पर खेलने का मौका पा सकेंगे और चयनित प्रतिभागियों के साथ पाँच एपिसोड का विशेष सप्ताह सोनी टीवी पर प्रसारित होगा।

# रांची विवि परिसर का घेराव करेगी आजसू



मेट्रो रेज

रांचीः अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक प्रधान कार्यालय हरमू रोड रांची में हुई। बैठक में आगामी 21 अगस्त को रांची विश्वविद्यालय में मूलभूल सुविधाएं बहाल करने एवं विश्विद्यालय में व्याप्त समस्याओं को लेकर प्रशासनिक भवन घेराव करने निर्णय लिया गया । साथ ही बैठक में छात्र आजसू से शिवम कुमार को रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष एवं सुशांत सिंह को छात्र आजसू रांची का जिला का उपाध्यक्ष सर्वसहमति से बनाया गया ।इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, प्रदेश वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शहदेव,प्रताप सिंह,राजेश सिंह, रोशन नायक, सक्षम झा,रवि रोशन,गौरभ सिंह, राज दुबे, गयायनंद,योगेश ,अंशुल,सोनल, मुकेश व अन्य लोग उपस्थित थे।

# रांची में चलेगा विशेष अभियान, सड़कों और चौक-चौराहों से हटेगा अतिक्रमण

### नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ, जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम चलायेगी विशेष अभियान

संवाददाता

**रांची:** नगर निगम क्षेत्र को स्वच्छ, जाम और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए रांची नगर निगम की इनफोर्समेंट टीम विशेष अभियान चलायेगी। इसको लेकर नगर प्रशासक सुशांत गौरव ने सोमवार को अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग, चौक-चौराहों और सभी कनेक्टिंग सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए सघन अभियान चलाया जायेगा। अतिक्रमण हटाने के बाद दोबारा अतिक्रमण करनेवालों के खिलाफ सख्त और दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी। विशेष निगरानी के लिए मेन रोड, कांके रोड, लालपुर, सर्कुलर रोड, डोरंडा और बाइपास रोड को चिह्नित किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निगम क्षेत्र के पार्क, वाहन पड़ाव, बस स्टैंड और निगम की भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। हर जोन में इनफोर्समेंट टीम गठित की जायेगी और अतिक्रमण के लिए उनकी जवाबदेही तय की जायेगी। वहीं, अगर सड़क पर भवन निर्माण सामग्री मिलनी है, तो तत्काल कार्रवाई होगी। कोटपा एक्ट उल्लंघन करनेवालों पर भी सख्ती बरती जायेगी। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, सहायक प्रशासक मुकेश रंजन और इनफोर्समेंट टीम के अधिकारी मौजूद थे।



# अपराधी बिट्टू सिंह को सिविल कोर्ट से मिली जमानत

मेट्रो रेज

रांची : रांची के कुख्यात अपराधी बिट्टू सिंह को रांची सिविल कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अपर न्यायायुक्त-5 की अदालत ने उसे जमानत दे दी है। बिट्टू की ओर से पेश अधिवक्ताओं सुनील पांडेय और जेनी विभा ने कोर्ट में जोरदार पैरवी की, जिसके बाद कोर्ट ने यह फैसला सुनाया। गिरफ्तारी के वक्त मिले थे हथियार और गोलियांः बिट्टू सिंह को 13 जून को पुलिस ने पकड़ा था। उस वक्त उसकी गिरफ्तारी से जुड़े जो तथ्य सामने आए, वे चौंकाने वाले थे। पुलिस ने उसके पास से दो रायफल, 23 जिंदा गोलियां, और एक कार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए थे। उसके साथ संदीप थापा नामक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया था।



बिट्टू सिंह पर हत्या, हत्या की कोशिश, और रंगदारी जैसे गंभीर आपराधिक मामलों में केस दर्ज था। हालांकि, सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने के लिए ठोस सबूत पेश नहीं कर सका। इसी आधार पर अदालत ने बिट्टू सिंह को जमानत और संदीप थापा को बरी कर दिया।


ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल,
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची

अल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट नोटिस
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–06/2025-26/EE/BCD/DIV-2,RANCHI.दिनांक–19.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Finishing & Furnishing Work (Movable Part ) in New Minister's Bungalow & Office Block at Smart City, Dhurwa, Ranchi |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | राशि रू0 4,99,06,000.00 /– ( चार करोड़ निन्यानबे लाख छः हजार ) रूपये मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण की अवधि | 3 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 25.08.2025 को 11:00 बजे |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 01.09.2025 को 11:00 बजे तक |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची। |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 02.09.2025 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी,ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, मुख्य अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, झारखण्ड, रॉची |
| 7. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 6203300676 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 7992430721 |

9. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
10. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड, सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड, सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
11. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग,
PR 359725 (Building)25-26*D भवन प्रमण्डल संख्या–02, रॉची


## दिन दहाड़े घर में चोरी

रांचीः स्वास्थ्यकर्मी अर्क राज के घर में दिन दहाड़े चोरी। चोरो ने दिनदहाड़े घर का दरवाजा तोड़कर करीब 35 लाख से ज्यादा की चोरी की वारदात को अंजाम दिया, स्वास्थ्यकर्मी ने कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया।

## नर्सिंग छात्रा ने की आत्महत्या

**अनगड़ाः** राजधानी रांची के अनगड़ा में नर्सिंग छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की जानकारी पाकर आज मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अनगड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। छात्रा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। छात्रा की पहचान गुमला जिले के डुमरी थाना क्षेत्र की 21 वर्षीय अनिशा श्वेता के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अनिशा श्वेता हेसल मिलन चौक के पास महतो होटल लॉज में रहती थी। छात्रा ने कल सोमवार की रात अपने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि अनिशा पिछले कुछ समय से डिप्रेशन में थी। वह अपने कमरे में अकेले ही रहती थी। मृतका के पिता केरल में कार्यरत हैं।

# दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति ने किया भूमि पूजन, दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य शुरू

मेट्रो रेज

रांचीः नगरी क्षेत्र के रिंग रोड दलादली चौक (सुभाष मुंडा चौक) समीप स्थित वीर हनुमान एवं मां दुर्गा मंदिर परिसर में दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा के निर्देशन में दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण को लेकर वीर हनुमान का झंडा खड़ा कर विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। पूजा उपरांत दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष सुधीर महतो, सचिव अभिषेक मिश्रा,सह सचिव बिरसू मुंडा, कोषाध्यक्ष अजय राय, सह कोषाध्यक्ष रामाशीष शर्मा, प्रदीप कुमार, नाग देवता मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष रामभरोस महतो ने संयुक्त रूप से बताया कि हर साल की भांति इस वर्ष भी कमेटी व क्षेत्र वासियों के सहयोग से दुर्गा पूजा बड़े हीं धूमधाम से मनाया जाएगा। इस बार बहुत हीं भव्य आकर्षक पंडाल बनाया जाएगा। जिसमें कुशल कारीगरों के द्वारा दुर्गा मां की प्रतिमा का निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके साथ विद्युत सज्जा भी काफी भव्य और आकर्षक होगी। मनोरंजन के लिए आर्केस्ट्रा कार्यक्रम की भी तैयारी की जा रही है। दुर्गा पूजा में सप्तमी से लेकर दशमी तक बुंदिया, खीर, हलवा, तथा खिचड़ी आदि का भोग वितरण किया जाएगा। इस भूमि पूजन के अवसर पर मुख्य रूप से कमेटी के संरक्षक पूर्व मुखिया ललित मुंडा जी, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, अशोक दुबे, बबन सिंह, शंभू सिंह, संजय नाथ शाहदेव, प्रदीप कुजुर, प्रमोद अग्रवाल, सहित कई अन्य माता के भक्त शामिल रहे।



# 'वोटर अधिकार यात्रा' : झारखंड कांग्रेस के नेता बिहार रवाना, मंत्री दीपिका और इरफान अंसारी भी होंगे शामिल

संवाददाता

**रांचीः** कांग्रेस की झारखंड इकाई के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता मंगलवार सुबह राहुल गांधी के नेतृत्व वाली 'वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होने के लिए बिहार रवाना हुए। कांग्रेस के ये कार्यकर्ता बिहार के नवादा में वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होंगे, जिसकी सीमा झारखंड से लगती है। कमलेश ने कहा, हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे को अपना समर्थन देने के उद्देश्य से हम वोटर अधिकार यात्रा' में शामिल होने के लिए बिहार रवाना हुए हैं। वह बिहार के लोगों के लिए आवाज उठा रहे हैं।" मंत्री दीपिका पांडे सिंह और इरफान अंसारी भी होंगे शामिलः प्रदेश कांग्रेस के मीडिया प्रभारी सतीश पॉल मुंजिनी ने कहा कि झारखंड से लगभग 500 पार्टी कार्यकर्ता बिहार में इस यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य मंत्री दीपिका पांडे सिंह और इरफान अंसारी तथा कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी इस यात्रा में शामिल होंगे। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने रविवार को सासाराम से 16 दिवसीय 'वोटर अधिकार यात्रा' की शुरूआत की, जो कांग्रेस के वोट चोरी" के खिलाफ अभियान का हिस्सा है।




कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संवेदक Sri Pramod Kumar Singh, H.No.-1883, West End Park Hehal Ranchi के द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत विशुनपुर प्रखण्ड के जेहनगुटवा में Construction of 50 Bedded Hostel at Residential Primary School at Jehangutwa Bishunpur Gumla, Agreement No.-09F2/2019-20 कार्य को अधूरा छोड़ कर कार्य बंद कर दिया गया है। उच्च पदाधिकारी द्वारा Black List करने की कार्रवाई का निर्देश दिया गया है, जिसके तहत अंतिम मापी ली जानी है।

अतः इस सूचना के माध्यम से आप (संवेदक) को सूचित किया जाता है कि दिनांक 28.08.2025 दिन गुरूवार को अंतिम मापी ली जाएगी। अंतिम मापी के समय आप अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति स्थल में उपस्थित रहें। आपके स्थल में उपस्थित नहीं रहने पर भी अंतिम मापी ले ली जाएगी तथा मापी आपको मान्य होगा। Black List की कार्यवाही करते हुए आपके द्वारा जमा Security Deposit Forfeit कर ली जाएगी।

कार्यपालक अभियन्ता
PR 359723 Building(25-26)#D भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल,गुमला

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## एनसीईआरटी ने विभाजन पर किया सत्य का संधान

भारत का विभाजन केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं था, बल्कि वह एक ऐसी त्रासदी थी जिसने इस उपमहाद्वीप के करोड़ों लोगों के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया। यह घटना केवल भौगोलिक सीमाओं का बंटवारा नहीं थी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी भारतीय समाज को गहरी चोट देने वाली थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के साथ जुड़ी यह विभीषिका हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि आखिर किन कारणों से वह स्थिति उत्पन्न हुई, जिसने एक अखंड सभ्यता, साझा परंपराओं और हजारों साल पुरानी एकता को अचानक तोड़ दिया। आज जब यह सवाल उठता है कि विभाजन का जिम्मेदार कौन था, तो तथ्यों और इतिहास की ठोस पड़ताल से यह बात स्पष्ट होती है कि इसके लिए जिन्ना, कांग्रेस और माउंटबेटन तीनों बराबर रूप से जिम्मेदार थे। एनसीईआरटी का हाल ही का पाठ्य मॉड्यूल इसी सच्चाई को रेखांकित करता है और यही कारण है कि इस पर कुछ वर्गों द्वारा विवाद खड़ा किया जा रहा है। परंतु यदि हम निष्पक्ष और ठोस ऐतिहासिक साक्ष्यों को देखें तो इस तथ्य को कोई नकार नहीं सकता कि विभाजन इन्हीं तीन कारकों के सम्मिलित निर्णय और क्रियान्वयन का परिणाम था। विभाजन से जुड़ी विभीषिका की भयावहता को समझने के लिए उसके मानवीय और सांस्कृतिक आयामों पर भी ध्यान देना चाहिए। लगभग बीस लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हिंसा का शिकार हुए और लाखों महिलाओं के साथ अमानवीय अत्याचार हुए। बारह से पंद्रह मिलियन लोग अपने पुश्तैनी घरों से उखाड़े गए और शरणार्थियों के रूप में भारत या पाकिस्तान की ओर पलायन करने को मजबूर हुए। पंजाब, बंगाल और सिंध जैसी समृद्ध सांस्कृतिक इकाइयाँ खंडित हो गईं। धार्मिक उन्माद और अविश्वास की आग ने पड़ोसियों को दुश्मन बना दिया। यह सब कुछ अचानक नहीं हुआ, बल्कि यह राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, नीतिगत भूलों और औपनिवेशिक षड्यंत्रों का परिणाम था। मुस्लिम लीग और जिन्ना की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में केंद्रीय रही। जिन्ना ने प्रारंभिक दौर में कांग्रेस के साथ मिलकर काम किया था और खुद को 'हिंदू-मुस्लिम एकता के राजदूत' के रूप में प्रस्तुत किया था। लेकिन धीरे-धीरे उसने महसूस किया कि कांग्रेस में उनका प्रभाव सीमित होता जा रहा है और यही असंतोष आगे चलकर कटुता में बदल गया, जिसके बाद जिन्ना ने मुस्लिम लीग को एक अलग ताकत के रूप में खड़ा किया। 1940 का लाहौर प्रस्ताव इस दिशा में निर्णायक मोड़ था, जब मुस्लिम लीग ने पहली बार औपचारिक रूप से पाकिस्तान की मांग रखी। इसके बाद जिन्ना ने ह्यडायरेक्ट एक्शन डेह्न जैसे हिंसक आंदोलनों का सहारा लिया, जिनके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गए। जिन्ना का तर्क था कि मुसलमानों की राजनीतिक और सांस्कृतिक पहचान हिंदुओं से बिल्कुल भिन्न है और वे एक ही राष्ट्र में रहकर सुरक्षित नहीं रह सकते। यह विचारधारा मूलतः विभाजनकारी थी, जिसने भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को सबसे गहरा आघात पहुँचाया। लेकिन केवल जिन्ना और मुस्लिम लीग को ही दोष देना ऐतिहासिक दृष्टि से अधूरा है। कांग्रेस के नेताओं की नीतिगत भूलें भी उतनी ही बड़ी वजह थीं। गांधीजी का यह मानना कि मुसलमानों के साथ लगातार रियायतें देकर उन्हें राष्ट्रीय आंदोलन में बनाए रखा जा सकता है, एक रणनीतिक गलती थी। खिलाफत आंदोलन का समर्थन इसी का उदाहरण है, जिसने भारत की राष?ट्रीय चेतना को धार्मिक आधार पर बाँटने की नींव रखी। नेहरू और पटेल, जो उस समय कांग्रेस की मुख्यधारा का नेतृत्व कर रहे थे, अंततः इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि विभाजन के बिना आगे बढ़ना संभव नहीं है। पटेल ने कई बार यह कहा कि यदि विभाजन से देश की आजादी शीघ्र आ सकती है तो इसे स्वीकार कर लेना चाहिए। नेहरू भी सत्ता हस्तांतरण में जल्दबाजी के पक्षधर थे। लोहिया जैसे समाजवादी चिंतकों ने उस समय ही यह कह दिया था कि कांग्रेस ने पाकिस्तान को 'एक मजबूरी नहीं बल्कि अपनी सुविधा के लिए स्वीकार किया'। इस तरह कांग्रेस की राजनीतिक सोच और सत्ता प्राप्ति के उतावले पन ने विभाजन को और तेज कर दिया। इसके अलावा एक तीसरा पक्ष भी है, ब्रिटिश सत्ता की भूमिका, यहां इसे भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ब्रिटेन आर्थिक और राजनीतिक रूप से बहुत कमजोर हो चुका था और वह भारत को जल्द से जल्द छोड़ना चाहता था। वावेल जैसे गवर्नर जनरल अखंड भारत के पक्ष में थे, लेकिन 1947 में जब एटली की लेबर सरकार ने सत्ता माउंटबेटन को सौंपी, तो परिदृश्य पूरी तरह बदल गया। माउंटबेटन ने जानबूझकर सत्ता हस्तांतरण की प्रक्रिया को जल्दबाजी में पूरा किया। उन्होंने सीमाओं के निर्धारण का जिम्मा सर रेडक्लिफ जैसे व्यक्ति को सौंपा, जिन्हें भारत के भूगोल और समाज की कोई गहरी समझ नहीं थी। नतीजा यह हुआ कि सीमाएँ खींचने का काम बिना स्थानीय वास्तविकताओं की परवाह किए जल्दबाजी में हुआ और पंजाब तथा बंगाल जैसे प्रदेश दो हिस्सों में बँटकर हिंसा की ज्वाला में झोंक दिए गए। माउंटबेटन के इस रवैये की आलोचना आज भी इतिहासकार करते हैं कि यदि थोड़ा धैर्य रखा जाता तो इतनी भयावह हिंसा को टाला जा सकता था। कांग्रेस नेताओं की वैचारिक कमजोरी भी इस पूरी प्रक्रिया में सामने आई। जिन्ना ने इस्लामी अलगाववाद की खुलकर पैरवी की और अपनी मांग को कठोरता से रखा। इसके विपरीत कांग्रेस नेताओं ने इस चुनौती का वैचारिक स्तर पर सामना करने के बजाय समझौतों और रियायतों का रास्ता अपनाया। इस्लामी राजनीति के मूल चरित्र मजहबी राष्ट्रवाद और अलगाववाद को कभी गहराई से चुनौती नहीं दी गई। इसके बजाय अंग्रेजों को दोषी ठहराकर समस्या से बचने की कोशिश की गई। इससे मुस्लिम लीग का मनोबल बढ़ता गया और कांग्रेस बार-बार पीछे हटती रही। दिलचस्प बात यह है कि मौलाना अबुल कलाम आजाद जैसे नेता, जिन्होंने खुद को राष्ट्रवादी घोषित करने का प्रयास किया, वह भी मूलतः एक इस्लामी चिंतन से प्रेरित थे। वे कांग्रेस के भीतर मुस्लिम लीग के विकल्प के रूप में देखे जाते थे, परंतु अंततः उनका झुकाव भी इस्लामी पहचान की रक्षा पर अधिक था, न कि एक पूर्ण धर्मनिरपेक्ष राष्ट्रीय चेतना से ओतप्रोत राष?ट्र खड़ा करने पर। यही कारण था कि देवबंद के उलेमा और अन्य मुस्लिम बुद्धिजीवी भले ही विभाजन के विरोधी थे, परंतु उनकी सोच में भी इस्लाम की सर्वोच्चता और अलग पहचान को लेकर गहरी चिंता थी। इस प्रकार भारत में मुस्लिम राजनीति का मूल चरित्र कभी पूरी तरह बदला ही नहीं। इसलिए जिस गजबा-ए-हिंद का सपना विभाजन के पूर्व देखा जा रहा था, वह आज भी देखा जा रहा है। शिक्षा व्यवस्था और इतिहास लेखन ने भी स्वतंत्र भारत में इस सच्चाई को दबाने का काम किया। लंबे समय तक हमारे इतिहास की किताबों में इस्लामी आक्रमणों की विभीषिका, धार्मिक कट्टरता और विभाजन के असली कारणों को दबाया गया। इसके बजाय मुगलकाल का महिमामंडन किया गया और विभाजन के लिए केवल अंग्रेजों को दोषी ठहराने की कहानी गढ़ी गई। यह वैचारिक प्रवृत्ति इतनी गहरी रही कि पीढ़ियाँ दर पीढ़ियाँ यह मानती रहीं कि विभाजन अंग्रेजों की 'फूट डालो और राज करो' नीति का परिणाम था। जबकि सच यह है कि मुस्लिम लीग की स्पष्ट माँग, कांग्रेस की स्वीकृति और अंग्रेजों के क्रियान्वयन, इन तीनों के मेल से भारत का विभाजन हुआ था।

# गागर में सागर है राष्ट्र के स्व जागरण के लिये हिन्दी विवेक का ग्रंथ दीप स्तंभ

**राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विषयों पर केंद्रित अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित होतीं। समय समय पर उनके विशेषांक भी प्रकाशित हुये हैं। उनमें कुछ विशेषांक पठनीय भी रहे हैं। इसी श्रृंखला में पत्रिका मासिक हिन्दी विवेक का राष्ट्र के स्व जागरण का यह ग्रंथ ₹दीपस्तंभ₹ प्रकाशित हुआ है। पत्रिका हिन्दी विवेक मुम्बई से प्रकाशित होती है। भारत राष्ट्र का ₹परम वैभव₹ और समाज में ₹सांस्कृतिक पुनर्जागरण₹ पत्रिका का मुख्य ध्येय है। हिन्दी विवेक ने समय समय पर अपने कयी विशेषांक और शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित किये हैं।**

**रमेश शर्मा**

मुंबई से छपने वाली हिन्दी विवेक पत्रिका ने एक ग्रंथ ₹राष्ट्र के स्व जागरण का दीप स्तंभ निकाला है। 426 पृष्ठ के इस ग्रंथ की सामग्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केंद्रित है। इस ग्रंथ में संघ के विविध आयामों पर सामग्री संजोई गई है। मानों यह गागर में सागर है। राष्ट्रीय और सांस्कृतिक विषयों पर केंद्रित अनेक पत्रिकाएँ प्रकाशित होतीं। समय समय पर उनके विशेषांक भी प्रकाशित हुये हैं। उनमें कुछ विशेषांक पठनीय भी रहे हैं। इसी श्रृंखला में पत्रिका ₹मासिक हिन्दी विवेक₹ का राष्ट्र के स्व जागरण का यह ग्रंथ ₹दीपस्तंभ₹ प्रकाशित हुआ है। पत्रिका हिन्दी विवेक मुम्बई से प्रकाशित होती है। भारत राष्ट्र का ₹परम वैभव₹ और समाज में ₹सांस्कृतिक पुनर्जागरण₹ पत्रिका का मुख्य ध्येय है। ₹हिन्दी विवेक₹ने समय समय पर अपने कयी विशेषांक और शोधपरक ग्रंथ प्रकाशित किये हैं।

इसी शृंखला में दीप स्तंभ है जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा पर केन्द्रित है। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी यात्रा के विभिन्न आयामों को केंद्र में रखकर सामग्री संजोई गई है। इसके आलेख, उनका प्रस्तुतिकरण और संघ की पूरी शताब्दी यात्रा का सैद्धांतिक विवेचन पठनीय है। इस ग्रंथ में पचास से अधिक लेखकों के कुल बावन आलेख और एक कविता है। आलेखों में संघ की यात्रा, ध्येय और उद्देश्य का तो विवेचन है ही, इसके साथ अधिकांश आलेखों में अपने विषय के साथ राष्ट्र के स्वत्व और स्वाभिमान कारक तत्वों का विवेचन भी है। जो सामान्य पाठक को भी राष्ट्रवोध के चिंतन की ओर प्रेरित करता है। 426 पृष्ठों का यह ग्रंथ कुल नौ भागों में विभाजित है। पहला भाग ₹संकल्पना₹ का है। इसमें पांच आलेख हैं। यह आलेख संघ कार्य की नींव, अंकुरण से लेकर बटवृक्ष की ओर यात्रा का विवेचन है, एक आलेख इन सौ वर्षों में संघ के सामने आई चुनौतियों की के बीच व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के सुसंकल्प जैसे विषय लिये गये हैं। भैयाजी जोशी और मनमोहन जी वैद्य जैसे साधक चिंतकों के आलेखों के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी का साक्षात्कार भी इसी भाग में है। यह सामग्री 53 पृष्ठों में है। ग्रंथ का दूसरा भाग बीजारोपण है। इस भाग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार जी के मन में संघ संस्थापना के विचारों की पृष्ठभूमि, समय की चुनौतियों के बीच संगठन की यात्रा और लक्ष्य के अनुरुप, कालानुप दिशा, कार्यकर्ता तैयार करने का कौशल जैसे विषयों का विवेचन है। यह भाग कुल बत्तीस पृष्ठों का है। राष्ट्रसेविका संघ की प्रमुख संचालिका शांता कुमारी जी का साक्षात्कार भी इस भाग में है। तीसरा भाग संगठन है। इस भाग में संघ की राष्ट्रीय दृष्टि, प्राथमिकता, राष्ट्रभक्ति आध्यात्म चेतना और सामाजिक संवेदना का समावेश जैसे विषय लिये गये हैं। इन विषयों को समझाने केलिये संघ के द्वितीय सरसंघचालक गोलवलकर जी उपाख्य गुरुजी का चीन चिंतन और राष्ट्रनीति का विवेचन भी किया गया है। यह भाग कुल पैंतालीस पृष्ठ का है। ग्रंथ का चौथा भाग ₹विस्तार₹ है। इसमें रामजन्म भूमि आँदोलन, आपातकाल में संघ का संघर्ष, संघ का वैश्विक विस्तार, जैसे विषय लिये गये हैं। संघ के तृतीय सरसंघचालक देवरस जी के चिंतन और कार्य विस्तार का विवेचन भी इस भाग में है। यह भाग 49 पृष्ठ का है। ग्रंथ का पांचवा भाग अनुभव चौतीस पृष्ट का है। इसमें संघ की कार्यशैली पर पांच आलेख हैं। ग्रंथ का छठवां भाग संस्था है इसमें संघ द्वारा हिन्दु जागरण, संस्कार युक्त शिक्षा, वनवासियों को राष्ट्र की मूल धारा से जोड़ना, छात्र शक्ति में संस्कार वोध, श्रमिकों में राष्ट्रभाव को प्राथमिकता, साहित्य के द्वारा राष्ट्र जागरण और स्वदेशी भाव की जाग्रति जैसे विषयों पर आलेख हैं। यह भाग कुल अड़तालीस पृष्ठों का है। सातवां भाग विमर्श है। चालीस पृष्ठों के इस भाग में राष्ट्र के चुनौती के रूप में विषयों पर संघ की विचार यात्रा का विवेचन है। आठवाँ भाग संघ के ₹वैचारिक अनुष्ठान₹ का है। अट्ठावन पृष्टों के इस भाग में संगठित और वैभवपूर्ण भारत राष्ट्र केलिये आधारभूत वैचारिक आवश्यकता और प्राथमिकता का विवेचन है। और नवाँ अध्याय ₹संस्कार₹ है। पैंतालीस पृष्ठ के इस भाग में एक स्वयं सेवक संस्कारित बनाने, संघ के प्रतीक लक्ष्य की महत्ता, उत्सवों के स्वरूप की ध्येयता, शताब्दी वर्ष के लक्ष्य, पंच परिवर्तन आदि विषय हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संसार का एक मात्र ऐसा संगठन है जिसकी शैली जितनी सहज और सरल है लेकिन उसका वैचारिक अनुष्ठान उतना ही गहन और गंभीर है। सौ वर्षों की संघ यात्रा में प्रचारकों की पीढ़ियां बदलीं हैं लेकिन संघ का ध्येय, संकल्प और लक्ष्य में कोई विचलन नहीं आया। राष्ट्र के परम वैभव और समाज में साँस्कृतिक चेतना को जो संकल्प पहले दिन था वह आज भी है। संघ की यही विशेषता है जो संघ की साख और पहचान सबसे अलग रखती है। ₹हिन्दी विवेक₹ के इस ग्रंथ इन सब विन्दुओं, संघ शक्ति, ऊर्जा का आधार और स्वयंसेवकों की एकनिष्ठा का यथेष्ट चित्रण है। इस ग्रंथ की सामग्री पठनीय और अनुकरणीय भी है। अधिकांश लेखकों की भाषा प्रवाहमान है। जो सामान्य पाठक को भी सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रवोध की ओर प्रेरित करती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में भरोसे की बड़ी छलांग

**अगर हालिया आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच भारत की औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.8 प्रतिशत रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में भी भारत 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ता रहेगा। यह दर उस समय में उल्लेखनीय है जब चीन की वृद्धि दर पाँच प्रतिशत से नीचे जा रही है।**

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की आर्थिक ताकत और नीतिगत प्रतिबद्धता को मान्यता देने वाला एक विशेष समय सामने आया है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी ह्लएसएंडपी ग्लोबलह्न ने 18 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद भारत की दीर्घकालिक सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग को बीबीबी- से बढ़ाकर बीबीबी और अल्पकालिक रेटिंग को ए-3 से ए-2 कर दिया है। यह सुधार किसी सामान्य तकनीकी घोषणा भर का मामला नहीं है बल्कि यह उस आर्थिक आत्मविश्वास और नीतिगत स्थिरता का प्रमाण है, जिसे भारत ने निरंतर बनाए रखा है। दरअसल, वर्ष 2007 के बाद यह पहली बार है जब भारत की रेटिंग में सुधार हुआ है और इस अंतराल में दुनिया की अर्थव्यवस्था ने कई गहरे झटके झेले हैं। 2008 की वैश्विक वित्तीय मंदी, यूरोपीय ऋण संकट, कोविड महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध और हालिया पश्चिम एशियाई अस्थिरता जैसी चुनौतियाँ भारत के सामने भी थीं, लेकिन इन सबके बीच भारत ने न केवल अपने विकास को स्थिर बनाए रखा बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी और मजबूत किया। रेटिंग सुधार इसीलिए भारत की नीतिगत क्षमता और आर्थिक लचीलापन दोनों की अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति है। यह सुधार निवेशकों के लिए एक भरोसे का संदेश है। ह्यबीबीबीह्न श्रेणी को निवेश ग्रेड माना जाता है और इसका अर्थ यह है कि भारत अपने वित्तीय दायित्वों को समय पर पूरा करने की पर्याप्त क्षमता रखता है। यद्यपि यह रेटिंग अभी ह्यएह्न या ह्यएएएह्न स्तर तक नहीं पहुँची है, लेकिन यह मान्यता महत्वपूर्ण है कि भारत अब उन देशों की श्रेणी में शामिल है जिन्हें सुरक्षित निवेश गंतव्य माना जाता है। अल्पकालिक ह्यए-2ह्न रेटिंग भी यही बताती है कि भारत की तत्कालीन वित्तीय प्रतिबद्धताओं पर कोई खतरा नहीं है। यह सुधार भारत की उस दीर्घकालिक आर्थिक योजना का हिस्सा है, जिसमें तेज जीडीपी वृद्धि, मजबूत मौद्रिक ढाँचा, नियंत्रित मुद्रास्फीति और बुनियादी ढाँचे में भारी निवेश शामिल है। अगर हालिया आंकड़ों पर नजर डालें तो तस्वीर और स्पष्ट हो जाती है। वित्त वर्ष 2022 से 2024 के बीच भारत की औसत वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.8 प्रतिशत रही है, जो एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे अधिक है। एसएंडपी का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में भी भारत 6.8 प्रतिशत की दर से बढ़ता रहेगा। यह दर उस समय में उल्लेखनीय है जब चीन की वृद्धि दर पाँच प्रतिशत से नीचे जा रही है और यूरोप व अमेरिका की बड़ी अर्थव्यवस्थाएँ मंदी के दबाव से जूझ रही हैं। इसका अर्थ यह है कि भारत वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बन चुका है और आने वाले वर्षों में इसका दबदबा और बढ़ेगा।

इस वृद्धि के पीछे सरकार का राजकोषीय प्रबंधन और बुनियादी ढांचे पर केंद्रित नीतियां प्रमुख कारण रही हैं। महामारी के दौरान भारत का राजकोषीय घाटा जीडीपी के 9 से 13 प्रतिशत तक पहुँच गया था। लेकिन अब यह घटकर वित्त वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2026 में 4.4 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य है। राज्य सरकारों का घाटा भी अगले तीन-चार वर्षों में औसतन 2.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है। केंद्र और राज्यों दोनों को मिलाकर सामान्य सरकारी घाटा 2029 तक 6.6 प्रतिशत पर आ सकता है। यह सुधार न केवल वित्तीय अनुशासन का प्रमाण है बल्कि यह भी बताता है कि सरकार ने बड़े पैमाने पर निवेश को बिना चालू खाता घाटा बढ़ाए सफलतापूर्वक वित्तपोषित किया है। यह भारत की विश्वसनीयता में बढ़ोतरी करने वाला कारक है। बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में किए गए निवेश ने भी भारत की आर्थिक संभावनाओं को एक नई दिशा दी है। वित्त वर्ष 2026 तक केंद्र सरकार का पूंजीगत व्यय 11.2 ट्रिलियन रुपये तक पहुँचने का अनुमान है, जो जीडीपी का 3.1 प्रतिशत होगा। यदि राज्यों को मिलाया जाए तो यह अनुपात 5.5 प्रतिशत तक जाता है। इतनी बड़ी पूंजीगत हिस्सेदारी केवल आँकड़ों का खेल नहीं है बल्कि यह सड़कों, रेलमार्गों, बंदरगाहों, ऊर्जा संयंत्रों और डिजिटल अवसंरचना के निर्माण में परिलक्षित होती है। यह निवेश दीर्घकालिक विकास की बाधाओं को दूर करने में सहायक है। भारत की समस्या लंबे समय तक यही रही कि यहाँ बुनियादी ढाँचे की कमी विकास की गति को रोक देती थी। अब केंद्र की मोदी सरकार इस कमी को व्यवस्थित रूप से दूर कर रही है और इसका लाभ उद्योग, व्यापार और नागरिकों सभी को मिलेगा। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण और मौद्रिक नीति की स्थिरता इस रेटिंग सुधार के दूसरे बड़े कारण हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2015 से मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण का ढाँचा अपनाया, जिसमें 2 से 6 प्रतिशत के बीच खुदरा मुद्रास्फीति रखने का लक्ष्य है। पिछले तीन वर्षों में औसतन मुद्रास्फीति 5.5 प्रतिशत पर रही है और हाल के महीनों में यह घटकर 2 प्रतिशत के करीब आ गई है। जुलाई 2025 में मुख्य सीपीआई मुद्रास्फीति केवल 1.6 प्रतिशत रही, जो वैश्विक ऊर्जा मूल्य अस्थिरता के बावजूद उल्लेखनीय है। यही कारण है कि फरवरी 2025 में रिजर्व बैंक ने नीतिगत रेपो दर को घटाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया। मुद्रास्फीति नियंत्रण का यह अनुभव निवेशकों को भरोसा देता है कि भारत में मूल्य अस्थिरता आर्थिक विकास की राह में बाधा नहीं बनेगी। विदेशी निवेशकों के लिए भारत अब और अधिक आकर्षक बन गया है। रेटिंग सुधार का सीधा अर्थ है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार से भारत को सस्ता ऋण मिलेगा। इससे न केवल सार्वजनिक परियोजनाओं की फंडिंग आसान होगी बल्कि निजी क्षेत्र को भी अधिक अवसर मिलेंगे। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और पोर्टफोलियो निवेश दोनों में वृद्धि की संभावना है। निवेशकों की नजर में स्थिर नीतियाँ और भरोसेमंद संस्थागत ढाँचा सबसे बड़ा आकर्षण होता है। भारत ने इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। चाहे दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता हो, जीएसटी जैसी कर सुधार व्यवस्था हो या डिजिटलीकरण की पहल, इन सबने भारत की अर्थव्यवस्था को पारदर्शी और कुशल बनाने में योगदान दिया है।रेटिंग सुधार का एक गहरा राजनीतिक और कूटनीतिक महत्व भी है। यह केवल आर्थिक आँकड़ों की मान्यता नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा का भी संकेत है। दुनिया की बड़ी कंपनियाँ और निवेशक जब यह देखते हैं कि अंतरराष्ट्रीय एजेंसियाँ भारत की रेटिंग सुधार रही हैं, तो उनका विश्वास और बढ़ता है। यह सुधार भारत की छवि को उभरते हुए आर्थिक शक्ति से एक स्थिर और भरोसेमंद शक्ति में बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पूरे परिदृश्य में सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या भारत इस अवसर का उपयोग दीर्घकालिक सुधारों को आगे बढ़ाने में कर पाएगा? रेटिंग सुधार केवल एक आरंभ है, अंत नहीं। इसे बनाए रखने और आगे बढ़ाने के लिए भारत को राजकोषीय अनुशासन को और मजबूत करना होगा, निर्यात विविधीकरण करना होगा, हरित ऊर्जा और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना होगा तथा सामाजिक क्षेत्र में निवेश बढ़ाना होगा। विकास तभी टिकाऊ और सार्थक होगा जब वह समाज के हर वर्ग तक पहुँचे। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि एसएंडपी का रेटिंग सुधार भारत के लिए भरोसे का एक प्रमाण-पत्र है। यह प्रमाण-पत्र केवल भारत सरकार के आर्थिक प्रबंधन का ही नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की स्थिरता और भारतीय समाज के लचीलापन का भी है। यह अवसर है कि हम इस विश्वास को और गहरा करें और आने वाले वर्षों में भारत को ऐसी स्थिति में पहुँचाएँ, जहाँ उसकी रेटिंग और ऊपर जाए और वह दुनिया की सबसे स्थिर और शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाए। कहना होगा कि इस भरोसे को बनाए रखना ही अब भारत की सबसे बड़ी चुनौती और सबसे बड़ा लक्ष्य होना चाहिए।

# भगवान शिव की पूजा में क्यों बजाई जाती हैं तीन ताली

हिंदू धर्म में भगवान शिव की पूजा को विधिवत रूप से करने का विधान है। भगवान शिव की पूजा में कई नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में भी बताया गया है। भगवान शिव को मृत्युंजय कहा जाता है, इनकी साधना से व्यक्ति बड़े से बड़े संकट से भी उबर जाता है। भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से जातक को रोग-शोक से शीघ्र मुक्ति मिलती है। वहीं वैद्यनाथ के नाम से पूजे जाने वाले महादेव की पूजा से जातक को आरोग्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की पूजा से जातक के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। ऐसे में अगर आप भी भगवान शिव की पूजा कर रहे हैं, तो सबसे पहले उनका आह्वान करना जरूरी है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको भगवान शिव की पूजा से जुड़े नियम और महत्व के बारे में बताने जा रहे हैं।

ऐसे करें भगवान शिव का आह्वान

सबसे पहले शांत मन से भगवान शिव का ध्यान करें। फिर आह्वान मुद्रा में बैठें और दोनों हथेलियों को मिलाकर अंगूठे को अंदर की तरफ मोड़कर यह मुद्रा बनती है। भगवान शिव के आह्वान के लिए इन मंत्रों का जाप करना चाहिए।

आह्वान मंत्र

यावत्पूजां करिष्यामि तावत्त्वं सन्निधौ भव॥
ऊं सांगाय सायुधाय साम्बसदाशिवाय नमः आवाहनं समर्पयामि।
ऊं मृत्युंजय परेशान जगदाभयनाशन ।
वन्दे ईशान देवाय नमस्तस्मै पिनाकिने ।
नमस्तस्मै भगवते कैलासाचल वासिने ।
त्र्यंबकाय नमस्तुभ्यं पंचस्याय नमोनमः ।
नमोर्धेन्दु स्वरूपाय नमो दिग्वसनाय च ।
नमोब्रह्मेन्द्र रूपाय मृत्युनाशं करोतु मे ॥

आह्वान मंत्रों का जाप करने के बाद भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करें। इसके बाद शंकर जी को सफेद चंदन लगाएं और उनके सामने घी का दीपक जलाएं। अब उनको भगवान शिव को सफेद मिठाई और फल अर्पित करें। इसके बाद भोलेनाथ की आधी परिक्रमा करें और अंत में भगवान शिव की आरती करें। वहीं पूजा में होने वाली भूलचूक के लिए क्षमायाचना करें।

बता दें कि भगवान शिव का तीन ताली बजाकर आह्वान करना चाहिए और फिर इसके बाद उनकी पूजा-अर्चना शुरू करना चाहिए।भगवान शिव की पूजा में ध्यान रखना चाहिए कि उनको तुलसी नहीं चढ़ानी चाहिए। इसके अलावा भगवान शिव को केतकी के फूल को अर्पित नहीं करना चाहिए। उनकी पूजा में लाल चंदन न लगाएं। वहीं शिवलिंग की आधी परिक्रमा लगानी चाहिए और शिव जी की पूजा के साथ माता पार्वती की पूजा जरूर करनी चाहिए।

## टिप्स

### जोड़ों के दर्द ने चलना-फिरना कर दिया है मुश्किल तो इस तेल से करें मालिश,

शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ने से कई बीमारियां हो सकती हैं। इंफ्लेमेशन के कारण जोड़ों के दर्द और पेट से जुड़ी समस्याएं हो सकती हैं। वहीं अगर आपके घुटनों से अक्सर कट-कट की आवाज आती है, जोड़ों में दर्द बना रहता है और शरीर में इंफ्लेमेशन बढ़ गया है। तो आपको अपनी डाइट में एंटी इंफ्लेमेटरी चीजों को शामिल करना चाहिए और तेल मसाज करना चाहिए। इससे भी आपको आराम मिल सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस तेल को कैसे बनाया जाता है और इसके क्या फायदे हैं।

**ऐसे करें मालिश** : एक्सपर्ट की मानें, तो जोड़ों के दर्द और शरीर में मौजूद इंफ्लेमेशन को कम करने के लिए अपनी लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करना चाहिए। आपको सही डाइट, ब्रीदिंग एक्सरसाइज और अभ्यांग की मदद लें। सबसे लहसुन की 2-3 कलियां लें। लहसुन में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। जोकि जोड़ों की सूजन और दर्द को कम करते हैं। इससे ब्लड फ्लो में भी सुधार आता है। इस तेल को बनाने के लिए पहले आधा चम्मच अचवाइन लें। इससे गैस, ब्लोटिंग, जोड़ों के दर्द और अकड़न की समस्या कम होती है और ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इस तेल में आपको एक चुटकी हींग भी डालनी है। इससे गैस की समस्या दूर होती है और ब्लोटिंग भी दूर होती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### पदाधिकारियों ने बाढ़ ग्रस्त इलाकों का किया दौरा



**साहिबगंज :** अपर समाहर्ता गौतम भगत के नेतृत्व में सोमवार को सदर एसडीओ अमर जॉन आइन्द व सदर सीओ बासुकीनाथ टूडू ने बाढ़ ग्रस्त रामपुर सकरीगली पंचायत अंतर्गत गोपालपुर दियारा,घिशु टोला,बालू टोला,मकई टोला सहित अन्य इलाकों का दौरा किया ।वहीं पीड़ितों के बीच सूखा राहत सामग्री का वितरण किया ।अपर समाहर्ता ने बताया कि बाढ़ का पानी उतरा है ।लेकिन अभी भी जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है ।ऐसे में जरूरतमंदों के बीच गुड़ व चूड़ा का वितरण किया जा रहा है। वहीं मवेशियों के लिए चारा की भी व्यवस्था की जा रही है ।उन्होंने कहा कि उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर लगातार बाढ़ पर नजर रखी जा रही है। पीड़ितों के बीच भी राहत सामग्री का वितरण पानी उतरने तक जारी रहेगा।

### जॉब कार्ड से अवैध निकासी को लेकर लाभुक ने रोजगार सेवक व बिचौलियों पर लगाया आरोप

साहिबगंज/उधवाः प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवंटित घर की राशि में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। उधवा प्रखंड के चांदशहर निवासी नज्जु शेख, पिता दोस्त मोहम्मद शेख ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर गंभीर शिकायत दर्ज कराई है। लाभुक का आरोप है कि उनके नाम से स्वीकृत पंजीकरण संख्या जेएच 141836597 के अंतर्गत जॉब कार्ड से मिलने वाली राशि को स्थानीय रोजगार सेवक एवं बिचौलियों की मिलीभगत से अवैध तरीके से निकाल लिया गया है। इस वजह से न केवल दस्तावेज सत्यापन बाधित हो गया, बल्कि अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें घर का लाभ भी नहीं मिल पाया है ।नज्जु शेख ने प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जाँच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, साथ ही उनका घर आवंटन सुनिश्चित करने की गुहार लगाई है। उन्होंने आवश्यक प्रमाण व दस्तावेज भी अधिकारियों को उपलब्ध कराए हैं। शिकायत की प्रतिलिपि उपायुक्त साहेबगंज, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल, मुख्य सचिव झारखंड सरकार, मुख्यमंत्री झारखंड तथा प्रधानमंत्री कार्यालय नई दिल्ली को भी भेजी गई है। लाभुक ने आगे कहा है कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक ग्रामीण स्तर पर योजनाओं में हो रही धांधली रुकने वाली नहीं है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता दिखाता है।

### 82 लाख की लागत से पुस्तकालय भवन का हुआ शिलान्यास



**साहिबगंज/उधवा :** उधवा प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में डीएमएफटी मद से 82 लाख रुपये की लागत से बनने वाले पुस्तकालय भवन भाग-एक का शिलान्यास स्थानीय विधायक मो. ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि पुस्तकालय का निर्माण पूरा होने के बाद इसका संचालन प्रशासन की देखरेख और समाज की सक्रिय भागीदारी से होगा। यहां बच्चों और युवाओं के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं एवं उच्च शिक्षा से संबंधित आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पुस्तकालय क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक ज्ञान केंद्र साबित होगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करेगा। विधायक ने यह भी बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में और भी नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, ताकि उधवा प्रखंड को शिक्षा के मामले में नई पहचान मिल सके। मौके पर बीडीओ उधवा जयंत तिवारी, प्रखंड अध्यक्ष अयूब अली उर्फ बाबू, प्रखंड सचिव विश्वजीत मंडल, विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डु, केन्द्रीय समिति सदस्य एखलाकुर रहमान, भैया किस्कू, सकल हेंब्रम, मो. इब्राहिम, मो. आशिक, मो. यासिन, मो. तजरूल, मो. मेहबूब, आबेदिन शेख सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है सूखा वृक्ष



जामा : दुमका- भागलपुर मुख्य मार्ग स्टेट हाईवे रामगढ़ थाना क्षेत्र के अमरपुर के समीप सुखे आम के पेड़ से बड़ी दुर्घटना को संकेत कर रहा है। सोमवार को एक बाईक सवार युवक को अपने चपेट में लिया आम के पेड़ के टहनी गिरने से युवक चोटिल हो गया है. प्रशासनिक पदाधिकारी को इस पर ध्यान देना जरूरी है.

### अवैध पत्थर खदान में हादसा कोडरमा के मजदूर की दर्दनाक मौत

**गिरिडीह :** अवैध पत्थर खदान में हादसा हो गया है एक मजदूर की मौत की खबर है परसन ओपी क्षेत्र के बंदाटांड़ में यह घटना हुई है मृतक की पहचान कोडरमा के 50 वर्षीय बाल किशुन मेहता के रूप में हुई है। जो कोडरमा के रहने वाले थे बताया जा रहा है खदान में ड्रिलिंग मशीन से गिरने से मौत हो गई है जिस खदान में हादसा हुआ उसे खदान की लीज 3 साल पूर्व में ही खत्म हो चुकी थी बावजूद अवैध रूप से काम चल रहा था। हादसे के बाद खदान संचालक और उसके गुर्गे शव को ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन घटना की सूचना किसी ने मृतक के परिजनों को दे दिया। जिससे उनको परिजन मौके पर पहुंच गए हैं इस दौरान पुलिस खामोश और तमासबीन बनी रही जब ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ा तब पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।

# हजारीबाग सीमा पर रॉक माइंस में लगा सरना झंडा हटा

## 9 दिन बाद सरना समाज के लोगों ने खुद हटाया

संवाददाता

**गिरिडीहः** हजारीबाग सीमा पर अवस्थित पत्थर माइंस में सरना झंडा लगाने के ठीक 9 दिन बाद सरना समाज के लोगों ने उसे हटा दिया। दरअसल, हजारीबाग सीमा पर अवस्थित गिरिडीह जिले के कारीचट्टान में एक धार्मिक झंडे को लेकर 9 दिनों तक तनाव की स्थिति बनी रही। इस दौरान उसी समाज के लोगों के साथ साथ प्रशासन डटा रहा। लेकिन सोमवार देर रात झंडा को हटा लिया गया। जानकारी के लिए बता दें कि झंडा हटाने का काम भी उसी समाज के लोगों ने किया है।

क्या है मामला?

दरअसल, कारीचट्टान में पत्थर की एक माइंस का संचालन शुरू हुआ था। इस माइंस का विरोध इसी कारीचट्टान के कुछ लोगों ने शुरू किया। कुछ लोग इसे अपनी जमीन बता रहे थे। जबकि माइंस के समर्थन में भी कई लोग उतर आए। इस



बीच विश्व आदिवासी दिवस के दिन विरोध कर रहे लोगों ने माइंस के चारों तरफ सरना झंडा गाड़ दिया।

पूरे घटनाक्रम में सतर्क रहा प्रशासन

झंडा लगाने के बाद यहां तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। सरना समाज के ही कई लोग झंडा लगाने का विरोध करने लगे। गांव में एक समाज के लोगों के बीच तनाव को देखते हुए प्रशासन भी अलर्ट हो गया। वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार गांव आते रहे तो पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। मामला धार्मिक झंडे से जुड़ा था ऐसे में प्रशासन धैर्य के साथ डटा रहा।

लंबी चली पंचायत

सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण हो गई। एक तरफ पांच टोले के लोग जुटे तो वही दूसरी तरफ झंडा लगाने वाले भी डटे रहे। सरना समाज के लोगों ने कहा कि धार्मिक झंडे का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए। यदि माइंस को लेकर आपत्ति है तो लोग अधिकारी के पास जाए। लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करें। कई घंटे तक पंचायत चलने के बाद आखिरकार सोमवार देर रात सरना समाज के लोगों ने ही झंडा हटा दिया।

आस्था का प्रतीक है सरना झंडा

सरना समाज के अध्यक्ष रामजी बेसरा का कहना है कि 'सरना झंडा उनकी आस्था का प्रतीक है। इस झंडे को जहां- तहां लगाने उचित नहीं है। झंडे के साथ राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस विषय को लेकर पांच गांव - टोले के लोगों की बैठक हुई। जिन चार लोगों ने झंडा लगाया था उनसे भी बात हुई है।

अंत में सरना समाज के लोगों ने निर्णय लिया कि झंडे को यहां से हटाकर पूरे विधि- विधान के साथ पवित्र स्थल पर स्थापित किया जाएगा। जिन्हें माइंस को लेकर आपत्ति है वे लोग सिस्टम से लड़े न कि पवित्र झंडे का दुरूपयोग करके। वही समाज के अध्यक्ष का कहा कि सरना समाज के लोगों ने ही झंडा हटवाया और माइंस शुरू करवाई।'

# हिरण का शिकार करने वाले 4 गिरफ्तार, फॉरेस्ट गार्ड पर की फायरिंग

## हिरण के सिंग और चार देसी बंदूक बरामद

संवाददाता

**पलामूः** टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके से वन्य जीव का शिकार करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार शिकारी के पास से चार देसी बंदूक भी बरामद हुआ है. आरोपियों ने हिरण का शिकार करने वाले एक बड़े नेटवर्क के बारे में पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को जानकारी दी.

फॉरेस्ट गार्ड पर शिकारियों ने की फायरिंग

दरअसल, बेतला नेशनल पार्क के एंटी पोचिंग कैंप में फॉरेस्ट गार्ड संतोष कुमार एवं अन्य कर्मी तैनात थे. इसी क्रम में फॉरेस्ट गार्ड संतोष कुमार को गोली चलने की आवाज सुनाई दी. जब संतोष गोलीबारी वाली जगह पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दो शिकारी





फायरिंग के बाद भागने की कोशिश कर रहे हैं. इस बीच एक शिकारी ने संतोष कुमार को देख लिया और उस पर फायरिंग कर दी. हालांकि संतोष बाल-बाल बच गया.

उसने दोनों शिकारियों का पीछा करना शुरू कर दिया. अन्य कर्मी भी मौके पर पहुंच गए और दोनों शिकारी पकड़े गए. दोनों की निशानदेही पर पलामू टाइगर रिजर्व की टीम ने बेतला नेशनल पार्क के चुंगरु गांव में भी छापेमारी की और मौके से दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. दोनों के पास से देसी बंदूक भी बरामद किया गया. जबकि पलामू टाइगर रिजर्व की टीम ने हिरण के सींग, बारूद और शिकार में इस्तेमाल होने वाले फंदे बरामद किए हैं.

पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि शिकारी ने फॉरेस्ट गार्ड संतोष पर फायरिंग की थी. मामले में चुंगरु के रहने वाले लोधा मुंडा, लखन परहिया, सोम मुंडा और बलराम परहिया को गिरफ्तार किया गया है. उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हैं. सभी हिरण और चीतल का शिकार कर उनका मांस बेचते हैं.

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य के लिए विशेष बैठक



संवाददाता

**साहिबगंज :** राजमहल विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्य व स्वास्थ्य कार्य को लेकर उपयुक्त कार्यालय में एक विशेष बैठक उपयुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजमहल विधायक एमटी राजा शामिल हुए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जो राहत सामग्री वितरण किया गया है ।उसकी समीक्षा की गई। वहीं बढ़ प्रवाहित क्षेत्र में आवश्यकता के अनुसार लाभुकों के बीच राहत सामग्री वितरण करने की बात कही गई। गंगा नदी का जलस्तर कम होने के बाद विभिन्न बीमारियों की फैलने की खतरा बनी रहती है। इसलिए साहिबगंज सदर प्रखंड ,राजमहल प्रखंड और उधवा प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से भी की गई व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल यूनिट भी बढ़ प्रवाहित क्षेत्र में कार्य कर रही। इस बैठक में अपार समाहर्ता गौर्ताम भगत, सिविल सर्जन रामदेव पासवान सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# स्वीटी सिंह ने ड्यूटी के प्रति अपनी जवाबदेही और मानवता की मिसाल पेश की है

संवाददाता

**साहिबगंज :** टैगोर विचार मंच ने सोमवार को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी के कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने शिकरत की। इस दौरान टैगोर विचार मंच ने एक महिला यात्री की जान बचाने वाली आरपीएफ स्टाफ स्वीटी सिंह को शॉल ओढ़ा कर एवं मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।वहीं मंच अध्यक्ष डॉ रणजीत कुमार सिंह ने पौधा देकर प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।मुख्य अतिथि रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी राहुल कुमार ने आरपीएफ स्टाफ स्वीटी सिंह की बहादुरी और ड्यूटी में सतर्कता की तारिफ की ।मंच के अध्यक्ष डॉ



रणजीत सिंह ने कहा कि स्वीटी सिंह ने ड्यूटी के प्रति अपनी जवाबदेही और मानवता की मिसाल पेश की है ।मंच के सचिव हिमांशु शेखर गुहा ने कहा कि किसी का जीवन बचाना मानव की मानवता का प्रदर्शन है ।ज्ञात हो कि मालदा रेल मंडल अंतर्गत साहिबगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत आरपीएफ स्वीटी सिंह ने बहादुरी का प्रदर्शन करते हुए चलती ट्रेन संख्या 53030 भागलपुर-अजीमगंज पैसेंजर ट्रेन से उतरने का प्रयास करते समय अपना संतुलन खो बैठी एक महिला यात्री की जान बचाई ।स्वीटी सिंह की इस बहादुरी व ड्यूटी के प्रति सतर्कता पर मालदा डिवीजन ने उनके साहसिक कार्य की सराहना की थी ।मौके पर सेवानिवृत सीआईटी विजय कुमार,नवीन भगत,शिखा पहाड़िन,उमा शंकर प्रसाद,समीर साहा व अन्य मौजूद थे।

# जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की आयोजित बैठक संपन्न

संवाददाता

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में सोमवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त ने जिले में हो रहे अवैध खनन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से संचालित किसी भी क्रशर को तत्काल प्रभाव से सील किया जाए और आवश्यकता अनुसार डोजरिंग की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। की गई प्रत्येक कार्रवाई का जियो-टैग्ड फोटो प्रमाण के रूप में उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि जिले के 31 बालू घाटों के





नीलामी की प्रक्रिया प्रगति पर है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि नीलामी की तैयारी पूरी तरह पारदर्शी ढंग से तथा सभी निर्धारित मानकों को ध्यान में रखते हुए की जाए। उन्होंने संबंधित अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक घाट का स्थल निरीक्षण वे स्वयं करें और आवश्यकतानुसार प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।

इस बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित विभिन्न संबंधित विभागों के वरीय अधिकारी मौजूद थे।


# स्वतंत्रता दिवस में विद्यालय के एनसीसी टीम को मिला द्वितीय स्थान

संवाददाता

**दुमका :** 36 झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद के अंतर्गत संचालित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, दुमका के एनसीसी यूनिट ने एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने प्लाटून कमांडर श्रीधर झा के साथ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में होने वाले संयुक्त परेड में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय के एनसीसी टीम एवं एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा को मुख्य अतिथि लालचन्द्र डाडेल,आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल, दुमका के करकमलों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अविस्मरणीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। इस अविस्मरणीय उपलब्धि पर सोमवार को विद्यालय परिवार द्वारा प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस के नेतृत्व में टीम में शामिल सभी कैडेट्स को मोमेंटो एवं मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर,क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक डॉ0 दुर्गा नन्द झा,जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार,कमांडिंग अफसर कर्नल संजय खंडेलवाल, भारत स्काउट एवं गाइड के मुख्य जिला आयुक्त हरिश्चंद्र चौधरी, उपसभापति सह झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के राज्याध्यक्ष दिवाकर महतो , पूर्व प्रभारी प्राचार्य सह जैक सदस्य डॉ0 अजय कुमार गुप्ता,भारत स्काउट एवं गाइड के जिला सचिव विजय



कुमार दूबे,जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस, विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 संजय कुमार सिन्हा,इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान, शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, स्नेहलता मराण्डी,रुपेश कुमार झा,संजीव कुमार सिंह ,निवास रजक, जमाल नासिर,प्रकाश कुमार घोष, अर्चना कुमारी, सुशीला किस्कू,कृष्णा कुमारी,सरफराज अहमद,विक्रम कुमार एवं विभा कुमारी के साथ साथ पूरे विद्यालय परिवार ने एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 झा, प्लाटून कमांडर श्रीधर झा, कैडेट विष्णु कुमार, शुभम अग्रवाल, प्रतीक कुमार एवं उत्तम कुमार के साथ साथ पूरे एनसीसी टीम को बधाई दी है। सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र छात्राओं एवं शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए प्रभारी प्राचार्य श्री राजहंस ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन में होने वाले संयुक्त पैरेड में विद्यालय के एनसीसी टीम द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त करना विद्यालय के लिए गौरव की बात है ।श्री राजहंस ने बताया कि विद्यालय के एनसीसी टीम उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा के नेतृत्व में कई दिनों से एक लक्ष्य के साथ अभ्यास कर रही थी। एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 दिलीप कुमार झा दिसम्बर 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, अतः विद्यालय के एनसीसी टीम ने इस उपलब्धि एवं अवॉर्ड को अपने एसोसिएट एनसीसी पदाधिकारी डॉ0 झा को समर्पित किया है।



# इब्राहिम अली खान ने अपनी अगली फिल्म के बारे में दी अपडेट

सैफ अली खान के बेटे और अभिनेता इब्राहिम अली खान इन दिनों बहुत व्यस्त चल रहे हैं। उनके पास कई प्रोजेक्ट हैं। हाल ही में उनकी फिल्म सरजमीं रिलीज हुई है। इसके बाद उन्होंने दिलेर पर काम करना शुरू किया है।

### इब्राहिम ने दी अगली फिल्म की अपडेट

अभिनेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें नजर आ रहा है कि वह रिकॉर्डिंग स्टूडियो में हैं। उन्होंने इन तस्वीरों के जरिए अपने फैंस को अपनी अगली फिल्म के बारे में अपडेट दी है। पोस्ट के मुताबिक दिलेर दिनेश विजान के मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही है। इसका निर्देशन कुणाल देशमुख कर रहे हैं। उन्होंने जन्नत और तुम मिले जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है।

### पूरी हो गई दिलेर की शूटिंग

खबरों के मुताबिक दिलेर की शूटिंग इसी साल जनवरी में पूरी हुई है। फिल्म की शूटिंग चंडीगढ़, मुंबई, लंदन और कई दूसरी जगहों पर हुई है। कुणाल देशमुख की पत्नी सोनाली ने फिल्म पूरी होने पर कई तस्वीरें साझा की थीं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा दिलेर की शूटिंग पूरी हो गई। बहुत अच्छा सफर था।

### श्रीलीला भी आएंगी नजर

फिल्म में इब्राहिम अली खान अहम किरदार में हैं। इसमें उनके साथ लीड रोल में साउथ की अभिनेत्री श्रीलीला हैं। फिल्म के बारे में बाकी जानकारी को गुप्त रखा गया है।

### इब्राहिम अली खान का वर्कफ्रंट

इब्राहिम अली खान के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह हाल ही में कायोज ईरानी की फिल्म सरजमीं में नजर आए थे। इसमें उनके साथ काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन ने अभिनय किया है। फिल्म में उन्होंने एक आर्मी अफसर के बेटे का किरदार निभाया है। उन्हें आतंकवादी किडनैप कर लेते हैं और कई वर्षों के बाद छोड़ते हैं।



# तेहरान में नया है मधुरिमा तुली का किरदार

अभिनेत्री मधुरिमा तुली अपनी फिल्म तेहरान को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में उन्होंने जॉन अब्राहम के विपरीत जासूस काजल सिंघानिया का रोल निभाया है। फिल्म में अपने रोल के बारे में मधुरिमा ने कहा कि पिछली फिल्मों के मुकाबले इस फिल्म में उनका रोल एकदम अलग और नया है।

### फिल्म में नया है मधुरिमा का रोल

बातचीत में मधुरिमा तुली ने कहा मेरे पिछले किरदारों के मुकाबले तेहरान में मेरा रोल सबसे अलग और नया है। मैंन पहले काल्पनिक रोल जैसे राजकुमारी, पुलिस और योद्धा का किरदार निभाया था लेकिन इस फिल्म में असली रोल निभाया है। यह रोल किसी से प्रेरित नहीं है। इस रोल से मैंने जुड़ाव महसूस किया है।

### फिल्म में काम करने के लिए तुरंत कहा हां


मधुरिमा ने बताया कि वह इस फिल्म में काम करने के लिए बहुत जल्दी तैयार हो गई थीं। उन्होंने कहा तेहरान का पूरा सेट बहुत अच्छा था, चाहे वह मेरे साथी कलाकार हों, प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स हो या फिर कहानी हो। यह सच्ची घटना पर आधारित है। सब कुछ बहुत अच्छा था। इसलिए इस फिल्म को ना कहने के लिए मेरे पास कोई कारण नहीं था। जब मैंने सुना कि यह रोल जॉन के विपरीत है तो मैंने तुरंत इसके लिए हां कह दिया।

### जमीनी और भावनात्मक है रोल

मधुरिमा को लगता है कि तेहरान ने उन्हें एक जमीनी और भावनात्मक स्तर पर रोल निभाने का मौका दिया है। फिल्म में उन्होंने महिलाओं की ताकत को दर्शाया जो अपने प्रियजनों का सपोर्ट करती है।

### तेहरान के बारे में

फिल्म तेहरान सच्ची घटनाओं पर आधारित है। यह फिल्म रूस-यूक्रेन की जंग से जुड़ी है। फिल्म में जॉन अब्राहम, मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा, मधुरिमा तुली और एलनाज नौरोजी हैं। फिल्म का निर्देशन अरुण गोपालन ने किया है। इसके लेखक रितेश शाह और आशीष प्रकाश वर्मा हैं। यह फिल्म ओटीटी पर स्वतंत्रता दिवस से पहले 14 अगस्त को रिलीज हुई।






# रियल लाइफ गैंगस्टर के साथ काम कर चुकी हैं भाग्यश्री

भाग्यश्री ने खुलासा किया कि उन्होंने एक बार एक असली गैंगस्टर के साथ काम किया था, जिस पर 20 से ज्यादा हत्याओं का आरोप था। यह अनुभव उनकी एक तेलुगु फिल्म के दौरान हुआ। उस दौरान वह बहुत डर गई थीं।

### गैंगस्टर के साथ काम कर चुकी हैं भाग्यश्री

दूरदर्शन सह्याद्रि को दिए इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि वह शुरू में उस गैंगस्टर के साथ काम करने से बहुत डर रही थीं। फिल्म की कहानी अपराधियों के निजी जीवन पर आधारित थी और सरकार की अनुमति से उस गैंगस्टर को जेल से शूटिंग के लिए लाया गया था। भाग्यश्री ने इसमें एक पत्रकार का किरदार निभाया, जो यह दिखाना चाहती थी कि कोई व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसे अपराधी बनाती हैं।

### कैसा था गैंगस्टर का लुक

भाग्यश्री ने बताया कि सेट पर जब उन्हें गैंगस्टर के आने की खबर मिली, तो वह घबरा गईं। गैंगस्टर भगवा कपड़े और गले में कई जंजीरें पहने हुए था और उसके साथ 10-12 अंगरक्षक थे। जब उसने भाग्यश्री से कहा, मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं तो वह और डर गईं। लेकिन बाद में, जब गैंगस्टर ने बताया कि उसकी बहन भाग्यश्री जैसी दिखती है, तो उन्हें राहत मिली।

### भाग्यश्री का करियर

भाग्यश्री ने 1989 में अपनी पहली फिल्म मैंने प्यार किया से बॉलीवुड में धमाकेदार शुरुआत की थी। उसी साल उन्होंने हिमालय दासानी से शादी की। हालांकि, अब वह लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं।

# 'कुली' और 'वॉर 2' को लेकर बेहद रोमांचित साउथ एक्टर नानी



रजनीकांत की कुली और ऋतिक रोशन-जूनियर एनटीआर की वॉर 2, 14 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। दोनों फिल्मों को लेकर बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त टक्कर होने की उम्मीद है। इसे लेकर साउथ अभिनेता नानी ने अपने एक्स अकाउंट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि वो नागार्जुन को विलेन के तौर पर देखने के लिए काफी रोमांचित हैं। साउथ एक्टर नानी ने वॉर 2 और कुली के रिलीज से पहले अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे यकीन है कि तारक (जूनियर एनटीआर), ऋतिक सर के साथ हमेशा की तरह कमाल कर देंगे। साथ ही मुझे यकीन है कि रजनी सर दुनिया को दिखा देंगे कि वह क्यों सर्वश्रेष्ठ हैं। लेकिन मैं सबसे ज्यादा उत्साहित नागार्जुन सर को पहली बार विलेन की भूमिका में देखने के लिए हूं। यह सभी फिल्म प्रेमियों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। ये इस बारे में नहीं है कि कौन जीतेगा, क्योंकि ये सिनेमा की जीत के बारे में है।'

# वन -फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट में मनीष पॉल की दमदार एंट्री



बालाजी टेलीफिल्म्स और टीवीएफ मोशन पिक्चर्स की प्रस्तुति के साथ बहुप्रतीक्षित सिनेमाई स्पेक्टेकल वन - फ़ोर्स ऑफ़ द फॉरेस्ट को अब मिला है हाई-वोल्टेज बूस्ट, क्योंकि अब इसमें जुड़ गए हैं करिश्माई और बहुमुखी कलाकार मनीष पॉल। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की शानदार स्टारकास्ट में शामिल होकर, मनीष इस फिल्म में नया रंग भरने वाले हैं। दीपक मिश्रा और अरुणाभ कुमार द्वारा निर्देशित तथा एकता आर. कपूर, शोभा कपूर और अरुणाभ कुमार द्वारा निर्मित यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में दहाड़ मारेगी। अपनी दमदार स्क्रीन प्रेज़ेंस, बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग और सहजता से ह्यूमर व इमोशन के बीच स्विच करने की कला के लिए मशहूर मनीष पॉल इस बार 'ङ्क1ड्ढ' में एक बेहद इंटेंस और लेयरड किरदार निभा रहे हैं — जो उनके चिर-परिचित हल्के-फुल्के अंदाज़ से बिल्कुल अलग है। मनीष पॉल की प्रतिभा से परिचित बालाजी टेलीफिल्म्स की संस्थापक एकता आर. कपूर कहती हैं, मनीष के पास एक नैचुरल चार्म और टाइमिंग की अद्भुत समझ है, फिर वो चाहे कॉमेडी हो या इमोशन। स्क्रीन पर उनके आते ही दर्शक उनकी एनर्जी से तुरंत जुड़ जाते हैं। हम 'वन' में उन्हें पाकर बेहद खुश हैं। हमें यकीन है कि उनका किरदार दर्शकों के लिए निश्चित ही एक सरप्राइज़ होगा।

एकता कपूर के अलावा टीवीएफ के लेखक और निर्माता अरुणाभ कुमार ने भी मनीष पॉल की प्रशंसा करते हुए कहा, हम मनीष पॉल के साथ कई प्रोजेक्ट्स पर बातचीत कर रहे थे और खुशी है कि हम शुरुआत उस प्रोजेक्ट से कर रहे हैं, जो हमारे दिल के बहुत करीब है। इस रोल के लिए हमारी पहली और एकमात्र पसंद मनीष थे, और एकता जानती थीं कि जो वह स्क्रीन पर ला सकते हैं, वह कोई और नहीं कर सकता।

# सिनसिनाटी ओपन 2025 : अल्कराज को खिताब, पहले सेट में ही सिनर बीमार होकर रिटायर

एजेंसी

**सिनसिनाटी :** विश्व नंबर-2 स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने सोमवार को अपना पहला सिनसिनाटी ओपन खिताब जीत लिया। खिताबी मुकाबला महज 20 मिनट चला क्योंकि मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर-1 जैनिक सिनर पहले सेट के दौरान अस्वस्थ महसूस करने पर मैच से हट गए। 24 साल के सिनर, जिन्होंने शनिवार को ही जन्मदिन मनाया था, शुरूआती सेट में 0-5 से पिछड़ रहे थे जब उन्होंने चेयर अंपायर को खेल जारी न रख पाने की जानकारी दी। शुरूआती गेम से ही उनके खेल में कमजोरी नजर आई और वे अपनी सर्विस पर एक भी अंक नहीं जुटा सके। पांचवां गेम डबल फॉल्ट से गंवाने के बाद उन्होंने सिर पर आइसपैक रखा और जल्द ही डॉक्टर को बुलाकर अल्कराज से हाथ मिला लिया। सिनर लगातार दूसरी बार सिनसिनाटी ओपन



जीतकर रोजर फेडरर (2014-15) के बाद इतिहास रचने की कोशिश में थे। वे हार्ड कोर्ट पर 26 मैचों की जीत की लय के साथ उतरे थे। मैच के बाद उन्होंने कहा, मुझे बहुत खेद है कि आपको निराश करना पड़ा। कल से ही तबीयत ठीक नहीं थी और रातभर हालत और बिगड़ गई। कोशिश की कि थोड़ा मैच खेल सकूं लेकिन आगे जारी रखना संभव नहीं था। इससे उनके यूएस ओपन 2025 के मिक्स्ड डबल्स मुकाबले में खेलने पर भी संशय पैदा हो गया है, जहां वे चेकिया की कतेरीना सिनीकोवा के साथ मंगलवार को उतरने वाले हैं। 22 वर्षीय अल्काराज ने सिनर के हालात पर सहानुभूति जताते हुए कहा,ह्लमुझे पूरा विश्वास है कि ऐसी परिस्थितियों से आप और मजबूत होकर वापसी करेंगे, यही असली चैंपियन करते हैं। यह इस साल अल्कराज और सिनर के बीच चौथा मुकाबला था और सभी फाइनल रहे। विंबलडन फाइनल में सिनर ने अल्कराज को हराया था, जबकि रोलां गैरो में अल्कराज ने तीन चैंपियनशिप प्वाइंट बचाकर जीत दर्ज की। इटैलियन ओपन में भी अल्कराज ने सीधे सेटों में बाजी मारी थी, जो सिनर का डोपिंग बैन से वापसी का पहला टूनामेंट था। कार्लोस मोया और राफेल नडाल के बाद अल्कराज सिनसिनाटी में खिताब जीतने वाले तीसरे स्पेनिश खिलाड़ी बने। यह उनका करियर का 22वां खिताब है। अब वे यूएस ओपन मिक्स्ड डबल्स में ब्रिटेन की एम्मा राडुकानू के साथ जोड़ी बनाकर जेसिका पेगुला-जैक ड्रेपर की शीर्ष वरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

# द हंड्रेड: सैम करन और कॉक्स के दम पर ओवल इनविंसिबल्स की शानदार जीत

एजेंसी

**लंदन :** ओवल इनविंसिबल्स ने द हंड्रेड में अपना विजयी अभियान जारी रखते हुए सोमवार को सदर्न ब्रेव को सात विकेट से हराकर सीजन की पांच में चौथी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में जॉर्डन कॉक्स और सैम करन की दमदार पारियों के अलावा राशिद खान की गेंदबाजी ने निर्णायक भूमिका निभाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए सदर्न ब्रेव की शुरूआत बेहद खराब रही। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेसन बेहरनडॉर्फ ने कप्तान जेम्स विंस और ल्यूस डु प्लोय को सस्ते में निपटाया। इसके बाद टॉम करन ने लॉरी इवांस को आउट कर ब्रेव को और दबाव में डाल दिया। इसी बीच राशिद खान ने शानदार वापसी करते हुए महज पांच गेंदों में तीन विकेट चटका दिए। उन्होंने पहले जेसन रॉय और माइकल ब्रेसवेल को लगातार गेंदों पर आउट किया और फिर जेम्स कोल्स को एलबीडब्ल्यू कर ब्रेव को 44/6 पर ला खड़ा किया। हालांकि हिल्टन कार्टराइट और जॉर्डन थॉम्पसन ने निचले क्रम में बहुमूल्य रन जोड़े। दोनों ने क्रमशः सातवें और आठवें विकेट के लिए अहम साझेदारियां निभाईं और टीम को 133 रन तक पहुंचाया। सैम करन ने अंत में दो विकेट लेकर उनकी पारी समेट दी। लक्ष्य का पीछा करते हुए ओवल इनविंसिबल्स की शुरूआत भी लड़खड़ाई जब क्रेग ओवरटन ने विल जैक्स और तवांडा मुयेये को जल्दी आउट कर दिया। लेकिन इसके बाद जॉर्डन कॉक्स और सैम कर्रन ने मोर्चा संभाल लिया। कॉक्स ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए लगातार चौथे मैच में रन बनाए और ताबड़तोड़ शॉट्स से अर्धशतक जड़ा। कर्रन ने भी आकर्षक शॉट्स खेले और छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। हालांकि कॉक्स को मिल्स ने आउट किया, लेकिन तब तक मैच लगभग खत्म हो चुका था। कप्तान सैम बिलिंग्स ने आते ही तीन चौके लगाए और कर्रन ने विजयी शॉट खेलकर मुकाबले को 11 गेंदें शेष रहते समाप्त किया। इस जीत के साथ ओवल इनविंसिबल्स अंक तालिका में शीर्ष पर मजबूती से कायम है।

**संक्षिप्त स्कोरकार्ड:**

सदर्न ब्रेव झ्र 133 (98 गेंदों में, हिल्टन कार्टराइट 42; राशिद खान 3/20, सैम कर्रन 3/21)

ओवल इनविंसिबल्स झ्र 134/3 (89 गेंदों में, जॉर्डन कॉक्स 56, सैम कर्रन 50*; क्रेग ओवरटन 2/21)

परिणामः ओवल इनविंसिबल्स 7 विकेट से विजयी।

# मध्य प्रदेश में मौसम का स्ट्रॉन्ग सिस्टम, 21 अगस्त से होगी झमाझम बारिश, आज 9 जिलों में अलर्ट



## भोपाल, जबलपुर-नर्मदापुरम संभाग में दिखेगा ज्यादा असर

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश में मानसून फिर से सक्रिय हो गया है। बारिश के स्ट्रॉन्ग सिस्टम की वजह से अगस्त महीने के आखिरी दिनों में पूरा प्रदेश भीगेगा। राजधानी भोपाल समेत इंदौर, जबलपुर और नर्मदापुरम संभाग के जिलों में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। यहां 21 अगस्त से अति भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। इससे पहले भी बारिश की गतिविधियां जारी है। आज मंगलवार को 9 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विभाग के मुताबिक, प्रदेश से एक मानसून टर्फ गुजर रही है। इस वजह से इंदौर-उज्जैन संभाग में तेज बारिश हो रही है। वहीं, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन, दो टर्फ और एक लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। इस कारण अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। विशेष रूप से देवास, हरदा, खंडवा और बुरहानपुर में अति भारी बारिश की संभावना है। यहां 24 घंटों में 8.5 इंच तक बारिश हो सकती है। जबकि अगले 24 घंटे में अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन, बैतूल, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में भारी बारिश हो सकती है। यहां साढ़े 4 इंच तक पानी गिरने का अनुमान है। इसके बाद सिस्टम और स्ट्रॉन्ग होगा। 21 और 22 अगस्त को दक्षिणी और पूर्वी हिस्सा तरबतर हो जाएगा। प्रदेश में सोमवार को कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इंदौर में 1 इंच से ज्यादा पानी गिर गया। वहीं, उज्जैन में करीब एक इंच और दमोह में आधा इंच बारिश हो गई। राजधानी भोपाल में दोपहर बाद कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश जारी रही। शाजापुर, रतलाम, खरगोन, बड़वानी, धार, बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, रायसेन, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, सतना, उमरिया, देवास, सीहोर, राजगढ़, विदिशा समेत कई जिलों में भी भी हल्की बारिश हुई। रात में भी बारिश का दौर जारी रहा। बता दें कि प्रदेश में अब तक औसत 31.5 इंच बारिश हो चुकी है।

## राजस्थान में कमजोर मानसून से बढ़ी उमस, बीकानेर में पारा 40 डिग्री के पार




जयपुर : अगस्त माह में कमजोर मानसून के कारण राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में गर्मी और उमस का दौर बना हुआ है। राज्य के कई इलाकों में तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया, जबकि बीकानेर 40.1 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा। बारिश फिलहाल दक्षिणी और पूर्वी राजस्थान तक ही सीमित है, जबकि पश्चिमी रेगिस्तानी क्षेत्रों में उमस और तपिश का असर है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार शाम 5:30 बजे तक हवा में नमी की मात्रा औसतन 50 से 85 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर ने आगामी दिनों में दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर और जोधपुर संभाग में मेघगर्जन के साथ मध्यम से कहीं-कहीं भारी वर्षा होने की संभावना जताई गई है। वहीं, कोटा, अजमेर, जयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में भी हल्की से मध्यम बरसात हो सकती है। अगस्त के अंतिम सप्ताह में बंगाल की खाड़ी में मानसूनी तंत्र सक्रिय होगा, जिससे राज्य के अधिकांश हिस्सों में वर्षा की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। सोमवार को प्रदेश के कई स्थानों पर मानसून सक्रिय रहा। सबसे अधिक वर्षा उदयपुर के डबोक में 26.6 मिमी दर्ज की गई। कोटा में 7.0 मिमी, चित्तौड़गढ़ में 3.0 मिमी, जैसलमेर में 1.2 मिमी और हनुमानगढ़ के सांगरिया में 1.0 मिमी बरसात हुई। इसके अलावा अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, जयपुर, सीकर, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू और श्रीगंगानगर में बारिश नहीं हुई और मौसम शुष्क बना रहा। सोमवार को बीकानेर और जैसलमेर सबसे गर्म स्थान रहे, जहां पारा क्रमशः 40.1 और 40 डिग्री तक पहुंच गया। बाड़मेर में 38.8, जोधपुर में 37.7, चूरू में 37.8 और श्रीगंगानगर में 37.5 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। राजधानी जयपुर में अधिकतम तापमान 35.4 और न्यूनतम 27.8 डिग्री रहा। इसी तरह अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, सीकर, नवलगढ़, चित्तौड़गढ़ और दौसा में पारा 34 से 35 डिग्री के बीच दर्ज हुआ। दक्षिणी राजस्थान में उदयपुर का डबोक सबसे ठंडा रहा, जहां अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री रहा।

## प्रेमिका से मिलने उत्तर प्रदेश से मध्यमग्राम आया था बम विस्फोट में मारा गया युवक

एजेंसी

**कोलकाता :** उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम बम विस्फोट कांड अब और भी उलझता जा रहा है। रविवार देर रात हुए इस धमाके में घायल होकर जान गंवाने वाले युवक सच्चिदानंद मिश्रा के बारे में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। बारासत जिला पुलिस अधीक्षक प्रतीक्षा झाड़खड़िया ने बताया कि मृतक के इंस्टाग्राम प्रोफाइल से संकेत मिला है कि उसका मध्यमग्राम की एक युवती से प्रेम संबंध था और संभवतः उसी के कारण वह यहां आया था। इसके अलावा एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मृतक की कथित प्रेमिका मध्यमग्राम के स्कूल परिसर के सामने रहती है। घटनाक्रम के बाद उसे पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पुलिस का मानना है कि प्रेम प्रसंग ही सच्चिदानंद के यहां आने का अहम कारण हो सकता है। हालांकि जांच अभी शुरूआती दौर में है और किसी भी संभावना को खारिज नहीं किया गया है। रविवार आधी रात के करीब मध्यमग्राम बॉयज स्कूल से सटे ह्यरवींद्र मुक्त मंचह्ल क्षेत्र में जोरदार धमाका हुआ। विस्फोट इतना भीषण था कि सच्चिदानंद का बायां हाथ और एक पैर उखड़ गया। उसका शरीर जगह-जगह से बुरी तरह जख्मी हो गया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाने के बाद सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि बम में आईईडी का इस्तेमाल हुआ था। बारासत एसपी ने बताया कि मृतक के बैग से बरामद इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस में असावधानी या गलती से दबाव पड़ने के कारण धमाका हुआ होगा। प्रारंभिक जांच में फोरेंसिक टीम ने इस संभावना को मजबूत किया है। हालांकि किस किस्म का विस्फोटक इस्तेमाल हुआ था, यह नमूने की रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। घटनास्थल से बरामद नमूनों की जांच में सुरक्षा एजेंसियों को संदेह है कि विस्फोट में आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) का प्रयोग हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य पुलिस की एसटीएफ और एनआईए दोनों जांच में शामिल हो गई हैं। सच्चिदानंद उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले का रहने वाला था और काम के सिलसिले में हरियाणा की एक ग्लास फैक्ट्री में नौकरी करता था। परिवार के साथ उसका नियमित संपर्क नहीं था। परिवार को यह तक जानकारी नहीं थी कि वह पश्चिम बंगाल आया हुआ है। मंगलवार को शव का पोस्टमॉर्टम होगा, जिसके बाद मामले पर और स्पष्टता आएगी।

# जहरीली शराब पीने से बीमार पड़े 30 नेपाली नागरिकों को कुवैत ने दिया देश छोड़ने का आदेश

एजेंसी



**काठमांडू :** कुवैत में जहरीली शराब पीने के कारण 16 नेपाली नागरिकों की मौत हो चुकी है जबकि 30 नेपाली नागरिक अभी भी कुवैत के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे हैं। कुवैत सरकार ने इन सभी को देश छोड़ने का आदेश दे दिया है। जहरीली शराब पीने और बे चने के मामले में कुवैत पुलिस ने कुछ नेपाली नागरिकों को गिरफ्तार भी किया है। यह घटना 15 अगस्त की है जब जहरीली शराब पीने से दर्जनों नेपाली नागरिक सहित कुछ भारतीय और बांग्लादेशी नागरिक बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें कुवैत के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया। कुवैत स्थित नेपाली दूतावास के मुताबिक अब तक इस जहरीली शराब कांड में 16 नेपाली नागरिकों की मौत हो चुकी है। अन्य देशों के 23 नागरिकों की भी जहरीली शराब पीने से मौत हो चुकी है। जहरीली शराब पीने से जिन 30 नेपाली नागरिकों का अभी भी अस्पताल में इलाज चल रहा है उन सभी को देश निकाला दे दिया गया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी करते हुए कहा है कि देश के कानून के विपरीत शराब का सेवन करने वाले सभी को उपचार के बाद तत्काल देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। देश निकाला दिए गए विदेशी नागरिकों की संख्या 163 बताई गई है। कुवैत स्थित नेपाली राजदूत घनश्याम लमसाल की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक जहरीली शराब पीने से बीमार पड़े 30 नेपाली नागरिक को कुवैत सरकार के इस आदेश के तहत देश निकाला दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेपाली दूतावास इन सभी से लगातार संपर्क में है और उनके अस्पताल से डिस्चार्ज होते ही उनकी वापसी की व्यवस्था की जा रही है। कुवैत सरकार ने जहरीली शराब मामले की जांच शुरू की है जिनमें शराब बनाने और बेचने के मामले में सौ से अधिक नेपाली, भारतीय तथा बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। कुवैत टाइम्स के मुताबिक सरकार द्वारा चलाए गए शराब विरोधी अभियान में अब तक 258 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है जिनमें अधिकांश नेपाल के रहने वाले हैं। कुवैत स्थित नेपाली राजदूत लमसाल ने भी स्वीकार किया कि सरकार के शराब विरोधी अभियान में 200 से अधिक नेपाली नागरिकों की गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि कुवैत की जेलों में बंद नेपाली नागरिकों में से अधिकांश अवैध शराब के सेवन और बिक्री व वितरण के आरोप में गिरफ्तार किए गए हैं। कुवैत में कुल 1 लाख 60 हजार नेपाली नागरिक रोजगार के सिलसिले में रह रहे हैं।

## ममता सरकार ने रोकी मेडिकल प्रवेश प्रक्रिया, केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में नीट-यूजी (मेडिकल और डेंटल) काउंसलिंग और प्रवेश प्रक्रिया को अनिश्चितकाल के लिए रोकने के फैसले पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने राज्य सरकार पर कड़ा हमला बोला है। मजूमदार ने सोमवार रात को अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर राज्य सरकार की ओर से जारी अधिसूचना साझा करते हुए लिखा कि ह्यह्यअति आवश्यक सूचनाह्लह्ल के नाम पर बिना कोई ठोस कारण बताए काउंसलिंग और एडमिशन प्रक्रिया रोक दी गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के मेडिकल छात्रों का भविष्य अंधेरे में धकेल दिया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो चुकी थी, तो इसे अचानक क्यों रोका गया। क्या यह किसी विशेष समूह को आरक्षण के नाम पर अनुचित लाभ देने का प्रयास है? राज्य सरकार के डायरेक्टर ऑफ मेडिकल एजुकेशन की अधिसूचना में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल नीट-यूजी मेडिकल और डेंटल 2025 काउंसलिंग/एडमिशन प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित किया जाता है। हालांकि, इसके पीछे कोई कारण स्पष्ट नहीं किया गया। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला ओबीसी प्रमाणपत्र से जुड़े विवाद के कारण लिया गया है, जिसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में जारी है। इसी विवाद की वजह से पश्चिम बंगाल संयुक्त प्रवेश परीक्षा (डब्ल्यूबीजेईई) के परिणाम भी रुके हुए हैं।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में भी बिकवाली का दबाव

एजेंसी



**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोर संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान सपाट स्तर पर कारोबार करते रहे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल मामूली कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजारों में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। वहीं एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान निवेशकों के बीच निराशा का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से वॉल स्ट्रीट के सूचकांक पूरे दिन सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद सपाट स्तर पर मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 6,449.15 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत नैस्डेक ने 0.03 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 21,629.77 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.05 प्रतिशत लुढ़क कर 44,889.17 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के कारोबार के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 9,157.74 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत सीएसी इंडेक्स ने 0.50 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,884.05 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,314.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 3 सूचकांक हरे निशान में बने हुए नजर आ रहे हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.01 प्रतिशत की सांकेतिक तेजी के साथ 24,964.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,739.26 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.54 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,210.13 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। दूसरी ओर, निक्केई इंडेक्स 105.31 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 43,609 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,149 अंक के स्तर तक आ गया है। इसके अलावा ताईवान वेटेड इंडेक्स 110.05 अंक यानी 0.45 प्रतिशत लुढ़क कर 24,372.47 अंक के स्तर पर, कोस्पी इंडेक्स 0.29 प्रतिशत टूट कर 3,168.22 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.20 प्रतिशत गिर कर 1,239.87 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,887.42 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## सराफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, चांदी की कीमत में मामूली उछाल

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सोने के भाव में गिरावट नजर आ रही है। आज सोना 400 रुपये से लेकर 430 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है। कीमत में गिरावट आने के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये से लेकर 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 92,350 रुपये से लेकर 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 1,17,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,00,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 92,500 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,00,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 92,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,00,800 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### फर्जी पहचान पत्र बनाकर भारत में रह रहे थे दो बांग्लादेशी, खुलासा होते ही फरार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के सुंदरबन इलाके में दो बांग्लादेशी नागरिकों के फर्जी पहचान पत्र बनवाकर भारत में रहने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा होते ही दोनों अपने घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पहला मामला संदेशखाली के बेरमजूर का है जहां बांग्लादेश से आए जलिल मोल्ला ने स्थानीय महिला से विवाह कर लिया। इसके बाद उसने अपने रिश्तेदार को पिता बता कर वोटर कार्ड बनवा लिया। इसी आधार पर उसने जमीन खरीदकर घर भी बना लिया। अब मामला सामने आते ही वह घर छोड़कर गायब हो गया। दूसरा मामला हिंगलगंज का है जहां बांग्लादेश निवासी बेल्लाल गाजी ने फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर फर्जी वोटर और आधार कार्ड बनवा लिया। इस मामले के उजागर होते ही वह भी घर से फरार हो गया। स्थानीय पंचायत प्रधान परितोष विश्वास ने बताया कि दोनों मामलों की सूचना अधिकारियों को दी जाएगी। साथ ही फर्जी दस्तावेजों से नामांकन कराने वालों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

### डा. बिन्दल अगड़ीवाला में आपदा प्रभावितों की मदद करने पहुंचे

**नाहन :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिन्दल सोमवार देर सांय नाहन विधानसभा क्षेत्र की दूर दराज पंचायत मात्तर के अगड़ीवाला गांव के आपदा प्रभावितों की मदद करने के लिए राशन किट, गददे, कंबल और गैस सिलेंडर आदि जरूरी सामान लेकर पहुंचे। उन्होंने इस अवसर पर पीड़ितों के साथ उनका दुख सांझा किया। डा. राजीव बिन्दल ने बताया कि नाहन विधानसभा क्षेत्र की दूर दराज एवं पिछड़ी पंचायत मात्तर के दूरस्थ गांव अगड़ीवाला में भारी बारिश के कारण हुई लैंड स्लाईड में गांव के 7 परिवारों के घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गय हैं। पीड़ित परिवारों के करीब 34 लोगों ने हरिपुरखोल स्कूल में शरण ली है। गांव के अन्य करीब 15 घरों में भी दरारें आ गई हैं और उनके घरों को भी नुकसान पहुंचा है। डा. बिन्दल ने कहा कि दुख की इस घड़ी में भाजपा परिवार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा और प्रभावितों की हर संभव सहायता की जायेगी। डा. बिन्दल ने प्रशासन से भी पीड़ित परिवार की हर संभव सहायता करने और पीड़ित परिवार को राहत एवं पुनर्वास सूनिश्चित बनाने का आग्रह किया है।

### राजस्व महाअभियान को लेकर रैयतो के घरो तक पहुंचाया जा रहा भू-अभिलेख

**पूर्वी चंपारण :** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निदेर्शानुसार जिले के सभी अंचलो के विभिन्न राजस्व ग्रामो में 16 अगस्त से राजस्व महाअभियान की शुरूआत हो गयी है। जो आगामी 20 सितंबर तक चलेगी। इसे लेकर राजस्व विभाग के कर्मी ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में निश्चित स्थानो पर शिविर लगाकर व रैयतो के घरो तक पहुंचकर भूमि के अभिलेख से जुड़े कागजातो को पहुंचा रहे है।उल्लेखनीय है,कि इस राजस्व महा अभियान से आमलोगो को अपने भूमि से जुड़े त्रृटि को सुधारने का सुनहरा मौका है,इसके साथ ही उनके भूमि का संपूर्ण अभिलेख पूर्ण रूप डिजिटल हो जायेगा। राजस्व विभाग के अनुसार इससे भूमि से जुड़े विवाद कम होगे और इसमे गुणात्मक स्तर पर पारदर्शिता आयेगी। बंजरिया अंचल के अंचल अधिकारी रोहन रंजन सिंह ने बताया कि विभाग की टीम प्रत्येक घरो तक पहुंचकर रैयतो को जमाबंदी पंजी की प्रति तथा आवेदन प्रपत्र वितरण कर रही है,ताकि लोग आसानी से संदर्भित सुधार को लेकर अपना आवेदन निर्धारित हल्का शिविरो में समर्पित कर सके।उन्होने हर पंचायत में दो-दो हल्का वार शिविर लगाए जाएंगे।इसके साथ ही आवेदन पत्र सौपने को लेकर रैयतो को समय दिया जायेगा।महाअभियान के दौरान मृत लोगो के जमाबंदी में नमांतरण,आपसी सहमति से बंटवारा व जमाबंदी में दर्ज त्रृटिपूर्ण खाता-खेसरा में सुधार करने को लेकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुगल रोड यातायात के लिए खुला

**जम्मू :** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुगल रोड मंगलवार को यातायात के लिए खुले हैं। जानकारी के अनुसार जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग छोटे वाहनों के लिए आज दोनों तरफ से खुले हैं जबकि बड़े वाहनों को केवल एकतरफा जाने की इजाजत दी गई है। सभी वाहनों को अपने तय समय के अनुसार ही आवाजाही की अनुमति दी गई है। कट आफ समय के बाद किसी भी वाहन को जम्मू से श्रीनगर अथवा श्रीनगर से जम्मू जाने की इजाजत नहीं दी गई है। इसके अलावा मुगल रोड भी वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल हैं।

### वाराणसी: नगर निगम की भूमि पर अवैध इमामबाड़ा निर्माण, एडीएम सिटी ने मांगे दस्तावेज

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी शहर के दुगार्कुंड क्षेत्र में नगर निगम की जमीन पर अवैध रूप से इमामबाड़ा बनाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। नगर निगम की आराजी संख्या 2342 में दर्ज करीब 240 वर्गमीटर भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर निर्माण कार्य किया गया है। यह जानकारी नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी है। कार्यालय के अनुसार सूचना मिलने के बाद नगर निगम की टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और जांच की। जांच में पुष्टि हुई कि निगम की जमीन पर इमामबाड़ा का निर्माण किया गया है। जब निगम अधिकारियों ने कब्जाई गई भूमि की बैरेकेटिंग का प्रयास किया, तो मौके पर मौजूद लोगों ने विरोध कर कार्य रुकवा दिया। इसके बाद विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए मामले की सूचना एडीएम (सिटी) को दी गई। एडीएम सिटी ने मौके पर उपस्थित नायब तहसीलदार को निर्देश दिए कि विवाद की स्थिति न उत्पन्न होने दी जाए और कब्जेदारों से भूमि स्वामित्व के प्रमाणस्वरूप अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा। नगर निगम अधिकारियों ने भी संबंधित पक्ष को दस्तावेजों के साथ निगम कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया, लेकिन सोमवार देर शाम तक कोई भी व्यक्ति अभिलेखों के साथ उपस्थित नहीं हुआ। नगर निगम प्रशासन का कहना है कि संबंधित भूमि नगर निगम के अभिलेखों में स्पष्ट रूप से दर्ज है और यह निगम की स्वामित्व वाली संपत्ति है। अधिकारियों ने आगे की कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के सदस्य समेत दो बदमाश घायल, गिरफ्तार

गाजियाबाद : गाजियाबाद पुलिस ने सोमवार की रात में दो अलग-अलग मुठभेड़ में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों में एक मोबाइल फोन लुटेरा है जबकि दूसरा बावरिया गिरोह का सक्रिय सदस्य है। पुलिस मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चलाई गई गोली से दोनों बदमाश घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है । एसीपी लिपि नगाइच ने बताया कि सोमवार की रात में थाना मसूरी पुलिस जेल नाहल रोड पर स्थित मसूरी झाल कट के पास चेकिंग कर रही थी। तभी एक स्कूटी सवार संदिग्ध व्यक्ति नाहल झाल की तरफ से आता हुआ दिखाई दिया। जिसे रुकने का इशारा पुलिस ने किया गया तो वह स्कूटी न रोककर पुलिस पर फायर करते हुए स्कूटी मोड कर भागने लगा। पुलिस की जवाबी कार्यवाही में उसके दोनों पैरों में गोली लगी ।

न्यूज IN ब्रीफ

## आदिवासियों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाएगा आदि कर्मयोगी

**धनबाद :** आदि कर्मयोगी अभियान के लिए जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनर का चार दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सोमवार से धनबाद में शुरू हुई। धनबाद, देवघर, जामताड़ा, पाकुड़, साहिबगंज, दुमका, गिरिडीह एवं गोड्डा जिले के वन, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, ग्रामीण विकास एवं कल्याण विभाग के कर्मियों को जिलास्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया गया। धनबाद डीसी आदित्य रंजन ने कहा कि इस प्रशिक्षण से राष्ट्रीय, राज्य एवं जिलास्तर पर अभियान के सफलतापूर्वक क्रियान्वन के लिए नेतृत्व मिलेगा। केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाएं और सभी शिकायत की संतृप्ति होगी। इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम आदिवासी समुदायों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाएगा।

जनजातीय कार्य मंत्रालय के उप सचिव अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि यह एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर आदिवासी नेतृत्व को मजबूत करना है। यह सुनिश्चित करना है कि हर आदिवासी परिवार तक गरिमा और शीघ्रता से सेवाएं पहुंचे। आदि कर्मयोगी के तहत 550 से ज्यादा जिलों के एक लाख आदिवासी बहुल गांवों में 20 लाख प्रशिक्षित परिवर्तन नेतृत्वकर्ता का एक केडर तैयार करने का एक मिशन-संचालित प्रयास है ताकि समाज के अंतिम छोर तक पहुंचना एक सामान्य कार्य बन जाए। उन्होंने कहा कि व्यापक प्रशिक्षण मॉडल के माध्यम से राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर मास्टर प्रशिक्षकों की अभिसरण, सामुदायिक सहभागिता और उत्तरदायी शासन पर अग्रिम पंक्ति की टीमों को मार्गदर्शन देने के लिए तैयार किया जा रहा है। यह अभियान स्मार्ट गवर्नेंस पर भी आधारित है। यह ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल शक्ति और पर्यावरण जैसे प्रमुख विभागों में शिकायत निवारण, स्थानीय नियोजन और समन्वित कार्यान्वयन को सक्षम बनाता है ताकि समुदायों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय भागे बिना निर्बाध सेवाएं मिल सकें। इस कार्य को बड़े पैमाने पर समर्थन देने के लिए आदि कर्मयोगी पोर्टल पंजीकरण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, रीयल-टाइम डैशबोर्ड, ग्राम विजनिंग टेम्प्लेट और फीडबैक व शिकायत निगरानी के लिए उपकरण प्रदान करता है। जिससे डेटा को कार्रवाई में और कार्यवाई को प्रभाव में बदला जा सके।

## ट्रेन के महिला बोगी और दिव्यांग बोगी से 11 गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने सोमवार को स्टेशन पर औचक जांच अभियान चलाया। इस दौरान आरपीएफ जवानों ने खड़गपुर एवं अन्य मार्ग की तीन लोकल ट्रेनों की महिला बोगी व दिव्यांग बोगी में छापेमारी कर 11 लोगों को भी रेलवे प्रावधान के खिलाफ यात्रा करने के आरोप में पकड़ा था, जिन्हें पीआर बॉड पर छोड़ दिया गया था, जो मंगलवार को रेलवे अदालत में पेश होकर जुमार्ना राशि जमा करेंगे। इधर, चाईबास बस स्टैंड के पास वाहन खड़ी करने वालों को आरपीएफ ने कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## कोर्ट परिसर में दूसरे दिन भी लगा नेत्र, दांत और स्वास्थ्य जांच शिविर

**जमशेदपुर :** जिला बार एसोसिएशन की पहल पर मंगलवार को भी कोर्ट परिसर में नेत्र, दांत और स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आरएन दास ने बताया कि, सोमवार को शिविर का आयोजन एएसजी अस्पताल और अशोक अस्पताल की टीम के सहयोग से हुआ था। इससे करीब डेढ़ सौ से अधिक अधिवक्ताओं की नेत्र, दांत और स्वास्थ्य (शुगर-प्रेशर) की जांच की हुई थी। मंगलवार को भी स्वास्थ्यकर्मियों की टीम सभी तरह से जांच में जुटी है।

## रेलवे अर्बन को ऑनलाइन करने के लिए केवाईसी हो रहा अपडेट

**जमशेदपुर :** रेलवे को-ऑपरटिव क्रेडिट सोसाइटी (अर्बन बैंक) से लोन वितरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन करने का निर्णय 13 सितंबर को नागपुर में आयोजित सोसाइटी की बैठक में हो सकती है। इधर, अर्बन बैंक के शेयर होल्डर की केवाईसी अपडेट करने का काम शुरू है लेकिन ऑनलाइन सुविधा शुरू होने में समय लगेगा। टाटानगर में मुंद्रिका प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि, दक्षिण पूर्व, दक्षिण पूर्व मध्य और पूर्व तटीय रेलवे को-ऑपरटिव क्रेडिट सोसाइटी समय के साथ कई बदलाव और लोन राशि के अलावा अन्य सुविधा बढ़ाने में जुटा है।

## आठवीं कक्षा की विशेष परीक्षा 22 व मैट्रिक-इंटर पूरक परीक्षा 23 से

**धनबाद :** जिले में आठवीं की विशेष परीक्षा 22 अगस्त को दो पालियों में होगी। धनबाद में आठ परीक्षा केंद्रों का प्रस्ताव दिया गया है। परीक्षा ओएमआर शीट से ली जाएगी। वहीं 23 अगस्त से मैट्रिक व इंटर पूरक परीक्षा शुरू हो रही है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा विभाग तैयारी में जुट गया है। मैट्रिक पूरक परीक्षा 23 से 29 अगस्त तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों में ली जाएगी। वहीं इंटर पूरक परीक्षा 23 अगस्त से शुरू होकर एक सितंबर तक निर्धारित है। दोनों परीक्षा के लिए ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है।

## मानगो में डायन-बिसाही के संदेह पर महिला को पीटा, केस दर्ज

**मानगो :** जवाहरनगर रोड नंबर 15 में स्वतंत्रता दिवस की शाम अंधविश्वास और आपसी विवाद ने तूल पकड़ लिया। डायन-बिसाही के आरोप में आधा दर्जन लोगों ने एक महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, इस घटना को लेकर दूसरा पक्ष भी थाने पहुंचा और गंभीर आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दी है। पीड़िता ने थाने में दर्ज शिकायत में कहा कि 15 अगस्त की शाम करीब 7 बजे संदीप शर्मा, गुड़िया कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी, अर्चना कुमारी और संगीता देवी उसके घर पहुंचे। सभी ने मिलकर पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी।

इस दौरान उसपर डायन-बिसाही होने का आरोप भी लगाया गया। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, जिसके बाद मामला शांत हुआ। इधर, विवाद में दूसरा पक्ष भी सामने आया। उनका आरोप है कि पीड़िता और उसके परिजनों ने नाबालिग लड़की के साथ मारपीट की। देर शाम अंधेरे का फायदा उठाकर पड़ोस के ही विनय ठाकुर, इंद्रदेव ठाकुर और यशवंत ठाकुर ने लड़की के घर में घुसकर गलत करने का प्रयास किया। आरोप है कि पीड़िता की मां के चिल्लाने पर आरोपी वहां से फरार हो गए। नाबालिग जब थाने पहुंची तो पता चला कि उसके खिलाफ ही केस दर्ज हो चुका है। मानगो थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली गई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामले की जांच के बाद सच्चाई सामने लाई जाएगी।

# जांबाज आईपीएस अधिकारी डीआईजी अजय लिंडा हैं झारखंड के युवाओं की प्रेरणा

**बिनय मिश्रा**

अशिक्षित पिता में भी वह दिव्य शक्ति होती है कि वह भले ही शिक्षा से वंचित रहा हो फिर भी अपनी संतान को शिक्षा की महत्ता बताने के साथ साथ उसे इस काबिल बना दिया कि आज पिता का नाम संतान के लिए एक गौरव भरी उपलब्धि है।



जी हां हम बात कर रहे हैं, भारतीय पुलिस सेवा 2008 बैच के जांबाज पुलिस अधिकारी , डीआईजी होमगार्ड एवं अग्नि शमन झारखंड रांची अजय लिंडा की पिता को याद करते हुए वे भावुक हो उठते हैं और बताते हैं कि रांची जिला के नगड़ी में पले बढ़े श्री लिंडा के पिता स्वर्गीय विगल लिंडा एक साधारण किसान थे तथा कुछ लोगों को अपने बेटों के बारे में बात करते सुनते थे तब उन्हें भी लगता था कि मेरे बेटे भी पढ़ लिख कर ऊंचे पद पर जाएं और उनके सपने को साकार करें, पिता जी की प्रेरणा से ही मैंने यूपीएससी की परीक्षा दी और आईपीएस बना। डीआईजी अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए, भावुक होकर बताते हैं कि जब वे स्कूल नहीं जाते थे तो पिता घर के दरवाजे पर ही उनकी खोज खबर लेने के लिए खड़े रहते थे। पिता का यह अनुशासन ही आज उनके काम आया। तीन भाई व एक बहन का लालन-पालन व शिक्षा में पिता की अहम भूमिका रही। बड़े भाई चमरा लिंडा जो झारखंड के काबीना मंत्री हैं तो दूसरे आईपीएस अधिकारी। बचपन की यादों में खो कर डीआईजी श्री लिंडा बताते हैं कि पिता अपने गांव में तीर धनुष के अच्छे निशानेबाज तो थे ही साथ ही उनकी दूरदर्शिता भी काफी उपलब्धि भरी रही। बरसात के दिनों में उन्हें यह भली-भांति ज्ञात होता था कि मछलियां कहां है और ढ़ेर सारी मछलियां वे पानी के अंदर निशाना लगा, मारा करते थे। उनकी दृढ़ता काफी आत्मबल बढ़ाने वाली थी आज भले ही पिता उनके बीच नहीं हैं, लेकिन श्री लिंडा ने उनके सपनों को साकार करते हुए जिस भी जिले में पदस्थापित रहे उन जिलों को अपराधमुक्त करने की दिशा में भी अतुलनीय योगदान किया। नक्सलियों को बैकफुट पर जाने को विवश किया इन्ही उपलब्धियों का ही यह परिणाम है कि वे झारखंड के लोकप्रिय और सफलतम अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं।श्री लिंडा कोल्हान के डीआईजी के रूप में अपने बेहतर और उत्कृष्ट कार्यों के कारण आज भी लोकप्रिय हैं।

## शिवाली सिंह साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीबीए-एलएलबी पाठ्यक्रम के लिए चयनित

**संवाददाता**

**रांची/बेंगलुरु :** राजधानी रांची के निवारणपुर स्थित आम्रपाली अपार्टमेंट निवासी राकेश सिंह व किरण सिंह की सुपुत्री शिवाली सिंह का चयन साउथ बिहार सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बीबीए-एलएलबी (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स) के लिए हुआ है।



सुश्री शिवाली ने आरंभिक शिक्षा डीपीएस रांची से और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा श्रीराम ग्लोबल स्कूल, बेंगलुरु से पूरी की। पढ़ाई में हमेशा अव्वल रहने वाली शिवाली ने

कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए।

वहीं,कक्षा 12वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त की।

शिवाली ने बताया कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत, लगन और अनुशासित दिनचर्या का प्रतिफल है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजन और शिक्षकों को देते हुए कहा कि इन सबों के कुशल मार्गदर्शन व आशीर्वाद से यह उपलब्धि हासिल हुई।

शिवाली का लक्ष्य कानून की पढ़ाई के जरिए पीड़ित मानवता की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देना है।

उनकी इस सफलता पर परिवारजनों, शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

## बंदी ने हाथ में नोट लिखकर किया आत्महत्या का प्रयास

**धनबाद :** पोक्सो केस में सजा काट रहे गोधर के जितेंद्र रवानी ने हाथ में सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या का प्रयास किया। जितेंद्र ने जेल में ही फांसी लगाकर आत्महत्या की कोशिश की, लेकिन वार्ड में अन्य कैदियों ने उसे बचा लिया। रविवार की देर रात 1.40 बजे उसे एसएनएमएमसीएच लाया गया, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पिता जट्ठल रवानी ने बताया कि देर रात जितेंद्र को भर्ती कराया गया लेकिन परिजनों को सुबह नौ बजे जानकारी दी गई। उनका आरोप है कि झूठे केस में जितेंद्र को फंसाया गया था। जितेंद्र और लड़की एक-दूसरे से प्रेम करते हैं।

दो साल पूर्व दोनों प्रेम प्रसंग में घर से निकल गए। हमलोगों ने ही मिलकर दोनों को ढूंढ़ा और लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया। पता चला कि उस समय लड़की चार माह की गर्भवती भी थी, लेकिन बाद में उसके पिता ने लड़की को नाबालिग घोषित कर रेप का मामला बनाकर जितेंद्र को जेल भिजवा दिया था। पेन से हाथ में लिखा आई लव यू ... जितेंद्र ने आत्महत्या करने से पूर्व अपनी हथेली पर पेन से प्रेमिका के नाम सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने कहा है कि वह उससे बहुत प्रेम करता है, लेकिन प्रेम में धोखा मिला है। उसे गलत आरोप में फंसाया गया है। इसके लिए उसने प्रेमिका और उसके पिता को दोषी ठहराया है। कहा कि उसके बिना नहीं जी सकता, इसलिए यह कदम उठा रहा है। जितेंद्र के खिलाफ भाटडीह ओपी में पोक्सो एक्ट में केस दर्ज किया गया था। जितेंद्र को हुई है 22 साल की सजा नाबालिग लड़की से रेप और गर्भवती करने के मामले में जितेंद्र को 22 साल की सजा हुई है। इसी वर्ष मार्च माह में सजा की बिंदु पर सुनवाई हुई थी। जितेंद्र पिछले साल के अक्तूबर से ही जेल में बंद है।

# शिक्षा ही समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है : नौशाद आलम

**बिनय मिश्रा**

डीआईजी नौशाद आलम ने कहा शिक्षा ही वह दीपक है, जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर समाज को प्रगति के पथ पर अग्रसर करता है।

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर एमएसएस पब्लिक स्कूल,पलामू में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही। प्रभात फेरी से आरंभ हुआ यह आयोजन बच्चों की अद्भुत प्रस्तुतियों और देशभक्ति से ओत-प्रोत वातावरण के कारण अविस्मरणीय बन गया। विद्यालय के नन्हें-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत, नृत्य एवं नाट्य कला ने मन को छू लिया। उनका जोश और समर्पण यह विश्वास दिलाता है कि आने वाली पीढ़ी ही राष्ट्र को नई दिशा देगी ।




डीआईजी नौशाद आलम ने कहा कि शिक्षा केवल जीविकोपार्जन का साधन न होकर, जीवन का आधार और समाज-निर्माण का सशक्त माध्यम होना चाहिए। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे कठिनाइयों से निर्भीक होकर आगे बढ़ें और अभिभावकों का भी यह दायित्व है कि वे बच्चों के शिक्षा-संस्कार पर विशेष ध्यान दें। एमएसएस पब्लिक स्कूल की प्रगति देखकर हृदय में प्रसन्नता हुई। यह विद्यालय अब जिले की पहचान बन चुका है और यहाँ से निकलने वाली प्रतिभाएँ समाज में नई चेतना का संचार करेंगी । स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व पर बच्चों की प्रतिभा और उत्साह देखकर यह विश्वास और गहरा हुआ कि यही नवांकुर एक उज्ज्वल, सशक्त और जिम्मेदार भारत का निर्माण करेंगे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन का निर्देश

**धनबाद :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का डीसी आदित्य रंजन ने आदेश दिया है। सोमवार को सामाजिक सुरक्षा विभाग से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह बात कही गई। समीक्षा के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा की ओर से बताया गया कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं में जून माह तक आवंटन उपलब्ध होने के कारण जून माह तक का भुगतान किया गया है, जबकि सर्वजन पेंशन योजना में अगस्त माह तक का भुगतान कर दिया गया है। मंईयां योजना में 3,53,000 महिलाओं को जुलाई तक का भुगतान किया गया है। डीसी ने सभी बीडीओ को जल्द मंईयां के लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया ताकि योग्य लाभुकों को भुगतान किया जा सके और अयोग्य का नाम पोर्टल से हटाया जा सके। इसके अलावा कहा कि वैसे लाभुक जिनका किसी त्रुटि के कारण पेंशन भुगतान लंबित है, त्रुटि का निराकरण कर उन्हें पेंशन दी जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन की स्थिति, आधारभूत संरचना, विद्युत, पेयजल, शौचालय की उपलब्धता, पोषण वाटिका निर्माण, सेविका/सहायिका के पदों की नियुक्ति एवं मानदेय, पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सेविका सहायिका के आयुष्मान कार्ड निर्माण, एमटीसी में बच्चों को भर्ती कराने तथा उन्हें पोषण आहार देने समेत विभिन्न कार्यों के प्रगति की समीक्षा कर उचित निर्देश दिए। कहा कि नए आंगनबाड़ी केंद्रों में जल्द शिफ्टिंग की जाए। भूमि विवाद या भूमि नहीं होने के कारण जहां आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है, वैसे स्थानों को चिन्हित करते हुए रिपोर्ट दें। डीसी के निर्देश - मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 44 आवेदनों का अनुमोदन - पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत भुगतान के लिए 22000 छात्रों के नाम का अनुमोदन - कोई भी योग्य छात्र- छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न रहे - अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना का लाभ देने का निर्देश।

## बेलगड़िया टाउनशिप में पानी कनेक्शन की डीपीआर को मंजूरी

**धनबाद :** बेलगड़िया टाउनशिप में पानी कनेक्शन के लिए डीपीआर को स्वीकृति मिल गई है। टाउनशिप के 17 हजार क्वार्टर में पानी कनेक्शन किया जाएगा। इससे लोगों को पानी संकट से राहत मिलेगी। डीपीआर बनाने का काम एजेंसी मार्स प्लानिंग को मिला था। दो-दो बार अधूरी डीपीआर बनाकर पेयजल एवं स्वच्छता को सौंपा गया था, जिसे मुख्यालय रद्द कर दिया था। साथ ही डीपीआर में कई बिंदुओं को चिह्नित कर रिपोर्ट मांगी थी, जिसे बनाकर फिर मुख्यालय को सौंपा गया। इस बार स्वीकृति मिल गयी है। बता दें कि डीपीआर बनाकर छह महीने पूर्व भेजा गया था। इसमें पानी जांच रिपोर्ट नहीं थी। बिजली कनेक्शन कहां से किया जाएगा, इसका जिक्र भी नहीं था। पांच बिंदुओं पर मुख्यालय में चीफ ड्राइंग ऑफिसर (सीडीओ) ने आपत्ति जताते हुए डीपीआर को सुधार कर भेजने का निर्देश दिया था। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि एक साल पूर्व में भी गलत डीपीआर बनाकर विभाग को दिया था। एजेंसी मार्स प्लानिंग की ओर से शुरूआत में फाइनल डीपीआर बनाकर जब विभागीय अधिकारी को सौंपा गया था। डीपीआर को देख अधिकारियों ने एजेंसी के प्रतिनिधियों को उस समय काफी फटकार लगाई थी। विभागीय अधिकारी का कहना है कि डीपीआर में पाइप बिछाने का ड्राइंग गलत बनाया गया था। जो पाइप सीधी आनी है, उसे नौ किलोमीटर घुमा कर दशार्या गया। इसके अलावा डीपीआर में पाइप की दर 2021 दर्ज थी जबकि 2025 चल रही है। चार साल पुरानी पाइप की दर पर टेंडर निकाले जाने पर एक भी संवेदक टेंडर नहीं डालेंगे क्योंकि एक पाइप में 300-400 तक दाम में तेजी आयी है। बेलगड़िया टाउनशिप में पानी कनेक्शन की डीपीआर को स्वीकृति मिल गई है।

# ठेठईटांगर पंडरीपानी में आदिवासी जमीन पर अवैध निर्माण

### सीएनटी एक्ट उल्लंघन पर कार्रवाई की मांग

### भारत आदिवासी पार्टी जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने सीओ को सौंपा ज्ञापन, दोषियों पर सख़्त कार्रवाई की मांग

**संवाददाता**

**सिमडेगा:** ठेठईटांगर अंचल क्षेत्र के अंतर्गत मौजा टापूडेगा, पांडरीपानी थाना संख्या 113, खाता संख्या 17, प्लाट 2203, रकब 4.8 डिसमिल की आदिवासी जमीन पर अवैध रूप से पक्का आवास निर्माण किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। यह कार्य कथित रूप से अमित चौधरी पिता जवाहर चौधरी एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा किया जा रहा है। यह भूमि छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम (सीएनटी एक्ट), 1908 के तहत संरक्षित है, जिसके अंतर्गत आदिवासी भूमि का गैर-आदिवासी के नाम हस्तांतरण या बिक्री प्रतिबंधित है।

सीएनटी एक्ट की धारा 46, 49, 71 का उल्लंघन

भारत आदिवासी पार्टी के सिमडेगा जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह सीएनटी एक्ट के प्रावधानों का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस तरह की घटनाएँ आदिवासी समाज के पारंपरिक भूमि अधिकारों का हनन, सामाजिक असंतुलन और भूमि विवाद को बढ़ावा देती हैं।



ठेठईटांगर अंचल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

अमृत चिराग तिर्की ने इस संबंध में ठेठईटांगर अंचल अधिकारी (सीओ) को लिखित ज्ञापन सौंपा है और प्रशासन से स्पष्ट रूप से कहा है कि–

अभिलंब स्थल निरीक्षण कर अवैध निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाए।

निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के साथ-साथ संबंधित लेख्याकारी एवं लेख्याधारी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाए।

जांच की लिखित प्रतिलिपि पार्टी या स्वयं को उपलब्ध कराई जाए।

भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सुदृढ़ निगरानी तंत्र स्थापित किया जाए।

समय पर कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा विरोध

बाप जिलाध्यक्ष अमृत चिराग तिर्की ने कहा कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो यह मामला आदिवासी समाज में व्यापक आक्रोश और विरोध को जन्म देगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि के अवैध हस्तांतरण और गैर-कानूनी निर्माण को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि भारत आदिवासी पार्टी कानूनी लड़ाई से लेकर जन आंदोलन तक हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार है, ताकि आदिवासियों के पारंपरिक भूमि अधिकार और संविधान द्वारा प्रदत्त सुरक्षा को सुरक्षित रखा जा सके।

गौरतलब है कि सीएनटी एक्ट, 1908 झारखंड में आदिवासी भूमि की सुरक्षा के लिए लागू एक विशेष कानून है। इसकी धारा 46, 49 और 71 का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर दंड का प्रावधान है। इसके बावजूद राज्य के कई क्षेत्रों में ऐसे मामले लगातार सामने आते रहे हैं।